RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831




निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

हिन्दी मासिक जोधपुर

# माली सैनी सन्देश

वर्ष : 19 अंक : 224 30 मई, 2024 मूल्य : 30/-प्रति





# लोकसभा चुनाव के चलते अटकी थी बढ़ी हुई पेंशन, 4 जून के बाद मिलेगी आचार संहिता हटते ही 15 प्रतिशत बढ़कर मिलेगी सामाजिक सुरक्षा पेंशन ...

**अब 30 जून तक करा सकेंगे सत्यापन**

जयपुर। अगले महीने से सामाजिक सुरक्षा पेंशन लोगों के जनधन खातों में आने लग जाएगी। यही नहीं, पेंशन का लाभ पहले से बढ़कर मिलेगा। राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन 15 प्रतिशत प्रतिमाह बढ़ाने का फैसला लिया था, जो अप्रैल महीने से लागू होना तय किया गया, लेकिन लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण बढ़ी हुई पेंशन नहीं दी जा सकी। ऐसे में अगले सप्ताह 5 जून को जैसे ही आचार संहिता खत्म होगी। लाभार्थियों के खाते में पेंशन का पैसा पहुंचना शुरू हो जाएगा। यह जानकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पेंशन की पेंडेंसी लगभग एक महीना ही है। मुख्यत: अभी अप्रैल माह की मई में दी जाने वाली पेंशन ही पेंडिंग हैं। मार्च तक का अधिकांश लाभार्थियों को पेंशन का भुगतान कर दिया है। केवल कुछ सत्यापन के प्रकरण बकाया हैं, जिन्हें शीघ्र ही निस्तारित कर दिया जाएगा। प्रदेश में आचार संहिता प्रभावी होने के कारण बढ़ी हुई पेंशन अभी तक नहीं दी गई है। उन्होंने कहा आचार संहिता खत्म होते ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा एक बटन दबाते ही सभी लाभार्थियों को उनके खाते में मोदी सरकार के खोले गए जनधन खाते के माध्यम से पेंशन राशि पहुंचाई जाएगी। पूर्व में पेंशनरों द्वारा वार्षिक भौतिक सत्यापन कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2023 थी, जिसे बढ़ाकर 31 मई की गई थी। अब वे लोग 30 जून तक वार्षिक सत्यापन करवा सकेंगे।

कांग्रेस के राज में 2 से 3 महीने में पेंशन आती थी, लेकिन हमने नो पेंडे सी पर काम करते हुए हर महीने ही पेंशन देने के प्रयास किए हैं। आचार संहिता के बाद 15 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ लोगों के खाते में पेंशन पहुंचेगी।

**अविनाश गहलोत, कैबिनेट मंत्री,**
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग

---



समाज गौरव युवा उद्यमी भूदेव देवड़ा पुत्र स्वर्गीय चंद्रप्रकाश देवड़ा (रावत मिष्ठान) को फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया का नया अध्यक्ष नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

आपके नेतृत्व में संस्था नया आयाम स्थापित करेगा। आप युवाओं की आवाज बनकर समाज में एक नई ऊर्जा का संचार करेगें। आपके अध्यक्ष बनने से समाज के प्रत्येक समाजबंधुओ में एक नई उम्मीद की किरण जगी है।



**ग्वालियर के जवान सिंह कुशवाहा ने आबू धाबी (दुबई) में 8th एशियन चैंपियनशिप जुजित्सू 2024- 94kg में 5th स्थान प्राप्त किया**




बालोतरा में माली समाज द्वारा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का सम्मान किया गया।

नायब सिंह ने भी हमारे समाज के आराध्य संत श्री लिखमीदास जी महाराज की तस्वीर को अपने सर पर रख कर सम्मान कर उपस्थित समाज बंधुओं का दिल जीता।




रविवार की छुट्टी दिलाने वाले

**नारायण-मेघाजी-लोखंडे**

नारायण मेघाजी लोखंडे भारतीय मजदूर आंदोलन के पिता। ये वो महान इंसान थे। जिनके कारण भारतीय मजदूरों को अधिकार मिले और हमें रविवार की छुट्टी।

वे महात्मा ज्योतिबा फुले के सत्य शोधक समाज के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता थे।

ये इतिहास के वो महानायक हैं जिन्हें वो सम्मान नहीं मिला जिसके वो वास्तविक हक़दार थे।

ऐसे महान व्यक्तित्व को मजदूर दिवस पर शत शत नमन, वंदन।



सरल हृदय के धनी, हम सभी के प्रिय परम आदरणीय राजेंद्र परिहार को 566वे जोधपुर स्थापना दिवस पर महाराजा श्री गजे सिंह ने **'मारवाड़ रत्न राव जोधा अवार्ड'** से सुशोभित किया।

राजेंद्र परिहार ने लावारिश बच्चो के पालन पोषण करने के साथ ही समाज में परिवार से परिष्कृत वृद्धजनों की सेवा का जो अनूठा कार्य अपने पिता स्वर्गीय भगवान सिंह परिहार के साथ किया है, उसका जितना बहुमान किया जाएं कम है।

हमें आप पर गर्व है आप हमारे प्रेरणा स्रोत है आपके नेतृत्व में समाज एक नया आयाम स्थापित करेगा। आप युवाओं की आवाज बनकर समाज में एक नई ऊर्जा का संचार करेगें।

## माली सैनी संदेश पत्रिका के सम्मानीय संरक्षक सदस्यगण


जस्टिस श्रीमान देवेन्द्र कच्छवाह
(पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाईकोर्ट)



एडवोकेट श्रीमान पुरुषोत्तम सोलंकी
(समाजसेवी, बाड़मेर)


श्रीमान नरेन्द्रसिंह गहलोत
(पर्यावरणविद्, समाजसेवी, जोधपुर)


श्रीमान रघुभाई देवड़ा
(भामाशाह - समाजसेवी, सिरोही)


श्रीमान इंजि. जुगल किशोर भाटी
(भेल इण्डिया, भोपाल)


श्रीमान नरपत सिंह सांखला
(बिल्डर्स/समाजसेवी)


श्रीमान संतोक सिंह गहलोत
(व्यवसायी/समाजसेवी)


श्रीमान तारासिंह सांखला
(व्यवसायी/समाजसेवी)

## संपादक की कलम से...

# सामाजिक अपेक्षाओं की नहीं करें उपेक्षा...



**जाति समाज से करें प्यार, सुनो भाई जीवणा दिन चार, जो नहीं करता समाज से प्यार, तो समझो उसका जीवन है बेकार। समाज सेवा से बड़ी लाभकारी, मिलकर कदम बढ़ाओ, नर हो या नारी हमारे समाज का सुखी हो हर परिवार विनती करता है माली सैनी संदेश परिवार बारम्बार।।**

हमारे जीवन की महानता इसी में है कि सब मिलकर श्रेष्ठ समाज का निर्माण करें। बीते समय की त्रुटियों की चर्चा कोई लाभादायक नहीं है। अब तो हमारी होशियारी और समझदारी इसी में है कि वर्तमान एवं भविष्य की सामाजिक प्रगति तथा सुव्यवस्था पर ध्यान दें एवं सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं।

सर्वप्रथम समाज के प्रति हीन भावना को समाप्त करें। हम माली सैनी है तो श्रेष्ठ है, हमे फिर पश्चाताप किस बात का ? क्या लिखमोजी महाराज, महात्मा ज्योति बा फूले, माता सावित्री बाई फूले जैसे विश्व प्रसिद्ध मानव धर्म के हितेषी किसी से कम थे ? हमारे जाति शब्द उच्चारण एवं संस्कृति में सेवा भाव, सरल स्वभाव, स्वावलम्बन, मानवता, प्रभु भक्ति और कल्याणकारी नीति समाहित है। इन्हीं सदगुणों को लेकर हमारा समाज के सभी वर्ग हमसे कई अपेक्षाए रखते है, हम मर्यादाओं का ध्यान रखते हुए और महात्मा फूले की शिक्षा के अनुरूप व्यवहारिक जीवन से समजा का चहुँमुखी विकास करें। सामाजिक समरसता की भावना से सहयोग, भाईचारा, सुख शांति और सज्जनता का मार्ग अपनाएँ।

समाज में ना समझ, अशिक्षित, अहंकारी, झूठे लोग समाज के प्रति उपेक्षा की भावनाओं से ग्रस्त है। मतलब सिद्ध करना और लोगों को गुमराह करके समाज की एकता में फूट डालना ही उपेक्षावृति कहलाती है। उपेक्षावृति के लोगों में नीति, धर्म और सदाचार के गुणों का आभाव होता है। यही वजह है कि हम समाजोत्थान का सपना पूरा नहीं कर पा रहे हैं। हमारे समाज की अपेक्षाएं है कि दूरदर्शिता एवं पारदर्शिता, परस्पर विश्वास और ईमानदारी से समस्याओं का निदान खोजें शिक्षा का प्रसार हो, व्यसायिक प्रगति हो, सामाजिक कुरीतियाँ मिटे और हर परिवार सुख-शांति का जीवन निर्वाह करें। लेकिन उपेक्षा की नीति रखने वाले समाज सेवी टाँग खिचाई में पीछे रहते। परिणाम यह होता है कि सब आशाएँ निराशा में बदल जाती है।

समाज के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए और भावी पीढ़ी के सुख के लिए निर्धारित अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए हमें खरा उतरना चाहिए। विडम्बना यह है कि आज सज्जनों और सेवाभावी लोगों का उपहास किया जाता है और दुर्जनों को शाबासी दी जाती है तथा उन्हें ही बुद्धिमान माना जाता है। देखा जाता है कि उपेक्षावृति के कई बंधु स्वयं का समाज का कर्त्ता धर्त्ता बतलाते पर स्वयं के स्वार्थ सिद्ध के अलावा कुछ नहीं करते है। यही लोगों को दोहरी नीति समाज को खाए जा रही है। उपेक्षा वृति का त्याग करके सभी लोग समाज की रीति निति एवं हमारे पूर्वजों के आदर्शों का पालन करं तो सामाजिक जीवन का आनंद ही आ जाए। हम सामाजिक प्राणी है, समाज की मर्यादित व्यवहार जीवन शैली के अनुसार चलें। कुरीतियों का त्याग करें, बुरे आचरण का त्याग करें ताकि समाज की पवित्रता में चार चाँद लग जाए। सद्वृतियों की उपेक्षा करने का अर्थ है अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारना। दरअसल सर्वे एवं सम्पर्क इस बात को उजागर करते है कि सामाजिक चिंतन के लिए अच्छे लोगों का प्रतिशत कम है। लोग अधिकाश रूप से आर्थिक होड़ में आगे बढ़ने के प्रयास में है। कतिपय समाज सेवी न तो किसी को आगे बढ़ने देते है न ही किसी और को आगे बढ़ते देखना पसंद करते है। खैर जो जैसे भी है हमारे समाज के है हम यही कामना करते है कि प्रभु उनको सद्बुद्धि प्रदान करें तथा वे समाज की एकता एवं संगठन के लिए सबको साथ लेकर चले। प्रेम और आत्मीयता के साथ परिस्थितियों को समझे, विचारवान बने और सबके कल्याण के लिए कार्य करें।

निष्कर्ष यह है क हमारे मन में सेवा का आधार जितना निःस्वार्थ होगा, उतना ही अधिक समाज के लोगों की आत्म चेतना में निखार आएगा। हमारे अहं को दरकिनार करके परहित की भावना ग्रहण करें। समाज गंगा की पतित पावनी धारा में प्रवेश करके हम अपने आपको स्वच्छ, शीतल और पवित्र करें तथा स्वेच्छा भाव से समाज सेवा करे तथा सभी वर्गो को साथ में लेकर समाज का उत्थान करने का कार्य करें, अन्यथा समाज के भीतर कतिपय समाज सेवी बंधुओं के प्रति जो नाराजगी है वो सार्वजनिक होने पर उनके स्वयं के लिए भविष्य कष्टकारी होगा।

यह कटु सत्य है ।


**मनीष गहलोत**
संपादक

**जाति समाज से करें प्यार, सुनो भाई जीवणा दिन चार, जो नहीं करता समाज से प्यार, तो समझो उसका जीवन है बेकार।
समाज सेवा है बड़ी हितकारी, मिलकर कदम बढ़ाओ, नर हो या नारी हमारे समाज का सुखी हो हर परिवार
विनती करता है माली सैनी संदेश परिवार बारम्बार।**

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

# परिचय सम्मलेन में 401 युवक-युवतियां ने दिया परिचय शिक्षित होने पर लड़कियों ने अपने समकक्ष जीवन साथी को पंसद करना चाहा

ब्यावरा। फूलमाली समाज जिला राजगढ़ द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय विशाल युवक -युवती सम्मेलन आज रविवार को होटल संस्कृति पैलेस राजगढ़ में आयोजित हुआ परिचय सम्मलेन में 401 युवक युवती ने मंच पर उपस्थित होकर अपना भावी जीवन साथी की तलाश एक ही स्थान पर अपने माता पिता रिश्तेदारों के साथ की स्त्ठ शिक्षित किरण पुष्पद ने परिचय देते हुए कहा कि मुझे मेरे समकक्ष अधिवक्ता मिले या उससे अच्छा लड़का मिले तो मैं उससे शादी करना पसंद करूँगा, सभी लड़कों और लड़कियों ने बेवक अपना परिचय मंच पर उपस्थित होकर दिया किन्तु कुछ युवक और युवतियां परिचय देने में संकोच करते नजर आएं।



उनका मंच संचालक ने परिचय दिया आयोजन में अखिल भारतीय माली सैनी सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व अतिरिक्त कलेक्टर जी पी माली, राष्ट्रिय सचिव श्री राजेंद्र कुमार सैनी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री कैलाश सुमन, भोपाल समाज अध्यक्ष युवा माली महासभा प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम माली आदि अतिथि के रूप में शामिल हुए अतिथियों ने अपना उद्बोधन दिया संबोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री जी पी माली ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा की आप शीघ्र ही समय अनुसार अपने बच्चों का सम्बन्ध देकर योग लड़के लड़कियों का विवाह करें और अपने बच्चों को उच्च शिक्षा की और प्रेरित करें कैलाश सुमन ने अपना उद्बोधन दिया सहित अन्य ने भी सम्बोधित किया।




सभी अतिथियों ने मंच से परिचय स्मारिका का विमोचन किया जिसमें सभी युवक युवतियां के बायोडाटा प्रकाशित किये गए आयोजन में पुरे राजगढ़ जिले सहित विदिशा अशोकनगर, शाजापुर, भोपाल, गुना, इंदौर, उज्जैन, आगर मालवा कोटा, झालावाड़, मंदसौर, नीमच, रतलाम, सिहोर सहित पूरे मध्यप्रदेश राजस्थान से युवक युवती और परिजन शामिल हुए।

परिचय सम्मलेन में राजगढ़ जिले के समाज के पत्रकार बंधुओं का भी प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया सम्मलेन स्थल पर लड़कों से ज्यादा अधिक लड़कियां शिक्षित देखने को मिली जिससे समाज में लड़कियां ग्रेजुएट पोस्ट ग्रेजुएट और लड़के उनकी तुलना में कम प्रतिशत में पोस्ट ग्रेजुएट, ग्रेजुएट हो रहे हैं जो चिंता का विषय हैं।

# माली शिक्षण संस्थान के नवीनीकृत छात्रावास का हुआ शुभारम्भ






जयपुर। आदर्श नगर में स्थित माली शिक्षण संस्थान के नवीनीकृत छात्रावास भवन का शुभारंभ रविवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने किया। कार्यक्रम के अंत में होली स्नेह मिलन में गीत - संगीत के साथ फूलों की पंखुड़ियों से होली खेली गई। इस मौके पर आईएएस चेतन देवड़ा व सुंदर लाल तथा संस्था के संरक्षक एनएस चौहान, कोषाध्यक्ष आर एल सैनी व सचिव शीशराम सैनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उद्घोषणा राघव पंवार ने की। भवन के अवलोकन के समय उन्होंने संस्था की वेबसाइट की लॉन्चिंग भी की।

गहलोत ने मुख्य अतिथि के रूपमें बोलते हुए कहा कि समाज में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए भी शहरों में साधन-सुविधाएं सुलभ हों। जयपुर व जोधपुर जैसी कोचिंग सुविधाएं छोटे शहरों में भी होनी चाहिए जिससे वहां की विद्यार्थी भी आगे बढ़ सके । इस अवसर पर प्रमुख अतिथि सांसद राजेन्द्र गहलोत ने कहा कि शिक्षा से ही समाज आगे बढ़ता है इसलिए नई पीढ़ी के शिक्षण व मार्गदर्शन के लिए सामाजिक संस्थाओं को सक्रियता से काम करना चाहिए जिससे समाज के विद्यार्थियों को समस्त योजनाओं का लाभ मिल सके। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उदयपुरवाटी के विधायक भगवानाराम सैनी ने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र में समाज के छात्र-छात्राओं के लिए कोचिंग संस्थाओं का अभाव हैं जिसके लिए समाज की संस्थाओं को आगे आना चाहिए।

संस्था के उपाध्यक्ष ओंकारमल सैनी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान की वित्तीय स्थिति, भवन के नवीनीकरण तथा भावी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा संस्थान के निर्माण तथा नवीनीकरण में आर्थिक सहयोग देने वाले भामाशाहों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्था के पदाधिकारियों की अपील पर छात्रावास के शेष कार्यों में आर्थिक सहयोग के लिए भामाशाहों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कार्यक्रम में दौरान ही करीब 20 लाख रुपए की घोषणा की गई।

## समाज सेवियो न दिखाया उत्साह शिविर में 75 यूनिट रक्त संग्रह

# ज्योति बा फुले जंयती पर गुलाब बाड़ी में रक्तदान शिविर



अजमेर। महात्मा ज्योति बा फुले की 197 वीं जयंती के उपलक्ष्य में रहने को आनंद पैलेस गुलाब बाड़ी अजमेर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया । शिविर में 75 यूनिट रक्त संग्रह किया गया । शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि विजय कुमार सैनी और कार्यक्रम अध्यक्ष त्रिलोकचंद इंदौरा ने महात्मा फुले और सावित्री बाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। संस्थान्य अध्यक्ष राजेश भाटी ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। शिविर में 75 रक्तदाताओं को पांच लीटर सेलो वाटर कैंपर, प्रमाण पत्र तथा गुलाब का फुल देकर सम्मानित किया गया। शिविर में घीसूलाल गढ़वाल, प्रदीप चौहान ,सीमा चौहान , बबीता चौहान, रंजना उबाना, राजेन्द्र महावर, कैलाश चौहान, दिलावर चौहान, विनोद गढ़वाल, रूपचंद महावर, वीरजीत सिंह महावर, चरणजीत सिंह महावर, हुकुम सिंह भाटी, भानु प्रताप कच्छवाहा, धर्मेन्द्र टाक, गोपी किशन जादम, नेमिचन्द बबेरवाल, राजेन्द्र टाक, मुकेश टाक, अशोक तंवर, शारदा मालाकार, पुनम तंवर, डिंपल, संतोष गहलोत, मोनिका, ललिता आदि मौजुद थे। कार्यकम का संचालन किशोर चंद भाटी ने किया तथा मुकेश अजमेरा ने आभार व्यक्त किया।

## 300 लोगों की टीम मिलकर जोधपुर व आसपास के क्षेत्रों में पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी की करेगी व्यवस्था

## पर्यावरण सर्वोपरिः 3 साल में लगाए 3 लाख पौधे अब पक्षियों के लिए बाटेंगे 20 हजार परिण्डे, 300 बोरी अनाज

जोधपुर। जोधपुर गर्मी परवान चढ़ रही है। शहर में पर्यावरण संरक्षण व अबोध पशु-पक्षियों की सेवा के लिए दाना पानी की व्यवस्था आदि गतिविधियां की जा रही है। इनमें पौधारोपण व पक्षियों के लिए परिण्डे लगाए जा रहे हैं व उनके लिए अनाज की व्यवस्था की जा रही है। शहर में ग्रीन माइंडेड फाउंडेशन की ओर से पर्यावरण संरक्षण व पक्षी सेवा को सर्वोपरि मानते हुए कार्य किए जा रहे हैं। फाउंडेशन की ओर से शहर में तीन साल में करीब 3 लाख पौधे लगाए जा चुके है। वहीं, अब गर्मी की सीजन में पक्षियों के लिए परिण्डों व अनाज वितरण किया जाएगा।

**गत वर्ष करीब 20 हजार परिण्डे व 200 बोरी अनाज वितरित किया था**

पक्षियों के दाना-पानी अभियान के रूप मैं चलाए जा रहे इस कार्य में इस साल 20 हजार पक्षी परिण्डों व 300 बोरी अनाज वितरण का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 300 लोगों की टीम बनाई गई है, जो विभिन्न क्षेत्रों में परिण्डे वितरित करेंगी। यह 300 लोगों की टीम मिलकर जोधपुर व आसपास के क्षेत्रों में आगामी तीन माह में नि:शुल्क परिण्डों के साथ ही अनाज वितरण करेंगी संस्था की ओर से गत वर्ष करीब 20 हजार परिण्डे व 200 बोरी अनाज वितरित किया था।

**शपथ दिलाकर ही वितरित किए जाएंगे:** फाउंडेशन अध्यक्ष नरेन्द्र गहलोत ने बताया कि सबसे ज्यादा आर्मी, बीएसएफ व स्कूलों में परिंडे वितरण किए जाएंगे, जिससे वहां पक्षियों को समय पर दाना-पानी दिया जा सके। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन से परिण्डे व अनाज नि:शुल्क वितरित किए जाएंगे, लेकिन उसको शपथ दिलाकर पक्षी परिण्डे और अनाज वितरित किया जाएगा, ताकि कोई पक्षी भूख और प्यास से ना मरे।

## सब्जी बेचने वाले की पहलवान बेटी माया का नेशनल टूर्नामेंट में परचम

माली खेड़ा की तंग गलियों में रहने वाले छोटू माली ने अपनी सभी बेटियों को पहलवानी करवाने का संकल्प लिया. बेटी ने भी छोटू माली के सपने को साकार करने के लिए जमकर पसीना बहाया और करीब एक दर्जन से अधिक नेशनल मेडल माता-पिता की झोली मिलकर डालें.




Wrestler Maya Mali: राजस्थान के एक किसान परिवार की बेटी माया माली ने अपने मेहनत और लगन का परिचय देते हुए इतिहास रच दिया है. माया के पिता खेती करते है और माँ सब्जी बेचने का काम करती है। मां-बाप का सपना था बेटी देश और प्रदेश के लिए मेडल जीते। बेटी ने भी राष्ट्रीय स्तर के फेडरेशन कप रेसलिंग टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीतकर माता-पिता की सपनों को साकार किय। कुश्ती के प्रतिष्ठित नेशनल टूर्नामेंट में मेडल जीतकर भीलवाड़ा लौटने पर कपड़ा नगरी की बेटी माया माली का लोगों ने जोरदार स्वागत किया। कपड़ा नगरी भीलवाड़ा की पुराने शहर माणिक्य नगर, माली खेड़ा की तंग गलियों में रहने वाले छोटू माली ने अपनी सभी बेटियों को पहलवानी करवाने का संकल्प लिया. बेटियों से नेशनल टूर्नामेंट में मेडल की जितने का सपना संजोया। बेटी ने भी छोटू माली के सपने को साकार करने के लिए जमकर पसीना बहाया और करीब एक दर्जन से अधिक नेशनल मेडल माता-पिता की झोली मिलकर डालें. माया भीलवाड़ा में केसरी नन्दन व्यायामशाला में कुश्ती का अभ्यास करती है.

**राष्ट्रीय सीनियर फेडरेशन कप में जीता कांस्य पदक:** ऐसा ही एक टूर्नामेंट गत दिनों राष्ट्रीय सीनियर फेडरेशन कप वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में 24 से 26 अप्रैल तक हुआ. फेडरेशन कप टूर्नामेंट में देश भर की अकादमियों और प्रदेशों से बेस्ट महिला पहलवानों ने शिरकत की थी। 68 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतने वाली माया माली वर्तमान में भीलवाड़ा एमएलवी कॉलेज के बीए प्रथम वर्ष की स्टूडेंट है. केसरी नंदन व्यायाम शाला भीलवाड़ा पहुंचने पर पहलवानों ने माया माली का जोरदार स्वागत अभिनंदन किया।

**अब तक यह जीत चुकी हैं ये मेडल:** प्रथम अंडर 15 अप रजत पदक, कोटा अंडर 15 में दूसरा कांस्य पदक, नेशनल अंडर 17 बेल्लारी (कर्नाटक) में कांस्य पदक, ट्रेडिशन कप रोहतक गोल्ड मेडल, अंडर 17 में रांची झारखंड में कांस्य पदक, अंडर 19 में पटना को कांस्य पदक, अंडर 19 स्कूल गेम दिल्ली स्वर्ण पदक, अखिल भारतीय विश्वविद्यालय चंडीगढ़ कांस्य पदक, वरिष्ठ नागरिक कप काशी में कांस्य पदक अंडर 19 में पटना को कांस्य पदक हासिल कर चुकी है.

# देश स्तरीय महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती में पूर्व सांसद राजकुमार सैनी बोले- उनकी 28 साल की तपस्या से यह दिन देखने को मिला

## जिस दिन महात्मा ज्योतिबा की गुलामगीरी पुस्तक पढ़ ली, समाज की पूरी व्यवस्था समझ आ जाएगीः सीएम नायब सैनी









कुरुक्षेत्र। सैनी समाज सभा की तरफ से थीम पार्क में प्रदेशस्तरीय महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती एवं सीएम नायब सिंह सैनी व पूर्व सीएम मनोहरलाल खट्टर का अभिनंदन समारोह हुआ। सीएम नायब सिंह सैनी व पूर्व सीएम को कार्यक्रम में 12 बजे पहुंचना था, लेकिन वे कार्यक्रम स्थल में करीब डेढ़ घंटे की देरी यानी 1: 30 बजे पहुंचे। कार्यक्रम में मंच संचालन सैनी समाज सभा के महासचिव अवतार सैनी व सैनी शिक्षा समिति के प्रधान जय भगवान ने किया। सीएम के कार्यक्रम में पहुंचने से पहले अचानक कुरुक्षेत्र के पूर्व सांसद व हरियाणा लोकतंत्र पार्टी के अध्यक्ष राजकुमार सैनी मंच पर पहुंचे तो कुछ युवा उनके स्वागत में नारेबाजी करने लगे। राजकुमार सैनी 20 मिनट कार्यक्रम में रहे। मंच पर बोलने के लिए जैसे ही वह खड़े हुए तो युवा फिर उनके स्वागत में हुटिंग करने लगे। पूर्व सांसद ने कहा आज यह जो खुशी का माहौल है। उनकी 28 साल की तपस्या का फल है। उन्होंने कहा वे भाजपा का धन्यवाद करते हैं, कि जिस समाज को सभी दल पीछे रखते थे, उसके बिना नैया पार नहीं हो सकती, अब समझ आने लगा है। उन्होंने भाजपा पर तंज कसा कि देर से ही सही,भाजपा को यह समझ तो आई। उन्होंने मनोहरलाल खट्टर का भी आभार जताया कि लोग अपनी विधायक की कुर्सी नहीं छोड़ते उन्होंने सीएम की कुर्सी छोड़ी, साथ ही कहा भले ही यह ऊपर के आदेश हों। उन्होंने कहा जिन्हें हम देवी-देवता मानकर पूजते हैं असल में वे सभी इंसान के रूप में महापुरुष हुए। उनके कर्मो ने उन्हें भगवान का दर्जा दे दिया। जिस दिन महात्मा ज्योतिबा की गुलामगीरी पुस्तक पढ़ ली, समाज की पूरी व्यवस्था समझ आ जाएगी। इतिहास को लेकर टिप्पणी की। कहा जो देश में घटा, वह पढ़ाया नहीं गया। जो पढ़ाया गया वह देश में घटा ही नहीं। उन्होंने नायब सिंह सैनी को भी मुख्यमंत्री बनने की बधाई दी, हालांकि तब तक मंच पर मुख्यमंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री नहीं पहुंचे थे। भाषण देने के बाद 5 मिनट बैठने के बाद राजकुमार सैनी मंच से पब्लिक की तरफ हाथ जोड़कर निकल गए। उनके जाते ही कुछ युवा भी साथ ही कार्यक्रम स्थल से निकल गए। दोपहर 1:30 पर कार्यक्रम में सीएम नायब सिंह सैनी व पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर पहुंचे। सैनी समाज सभा के प्रधान गुरनाम सिंह सैनी सहित अन्य सदस्यों ने सीएम व पूर्व सीएम को पगड़ी व महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

**राज्यमंत्री सुधा को पूर्व सीएम व सीएम ने सुभाष सैनी कहकर संबोधित किया:** समारोह के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने मजाकिया लहजे में शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा को सुभाष सैनी कहा। कहा मंत्रिमंडल विस्तार से पहले सुभाष सैनी का पता चलता तो उनका मंत्रिमंडल से पत्ता कट जाता। क्योकि मुख्यमंत्री सहित 2 सैनियों को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिलती । यह सुनकर समारोह में राज्यमंत्री सुभाष सुधा सहित पब्लिक भी ठहाके लगाने लगी। फिर सीएम नायब सिंह सैनी ने मंच से संबोधन किया, तो उन्होंने भी राज्यमंत्री सुधा को मजाकिया लहजे में सुभाष सैनी ही कहकर संबोधित किया **पब्लिक के खाने के लिए थीम पार्क में टेंट, वीआईपी के लिए सभा में व्यवस्था:** समारोह में पंहुची पब्लिक के लिए सैनी समाज सभा की तरफ से खाने की व्यवस्था समारोह स्थल के नजदीक ही अलग से टैंट लगाकर की थी। अंत तक खाने पर पब्लिक की भीड़ लगी रही। वीआईपी के लिए सैनी समाज सभा के हॉल मे ं खाने की व्यवस्था थी। कार्यक्रम खत्म होते ही सीएम नायब सिंह सैनीए पूर्व सीएम मनोहरलाल खट्टर का काफिला सैनी समाज सभा के अंदर दाखिल होते ही सभा के दोंनो गेट बंद कर दिए गए। सीएम का काफिला निकलते ही सैनी समाज सभा के दोनो गेट खुलते ही सैकड़ो लोग वीआईपी खाने के हॉल में घुस गए और वही खाना खाया। मौके पर पूर्व सांसद गुरदयाल सिंह सैनी, उद्योगपति रणवीर सिंह खंडवालिया, अंशुल खंडवालिया, सुरेश सैनी कुक्कू, सुरेश सैनी अजरावर, सैनी समाज के उप प्रधान सत्यावान सजूमा, कोषाध्यक्ष दर्शनलाल सैनी, सैनी शिक्षा समिति के सचिव योगेन्द्रनाथ सैनी, बृजलाल सैनी, ज्ञान सिंह नंबरदार, पार्षद हरदीप संजू, अमरजीत सैनी समसीपुर, कृष्णलाल सैनी व अमित सैनी सहित अन्य लोग मौजुदा रहे।

## सिविल परिक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले युवा

1 खुशहाली सोलंकी सैनी, राजस्थान 61 वी रैंक —
2 प्रियंका मेहता, 261वीं रैंक
3 काजल सिंह कुशवाहा, 485वीं रैंक
4 श्रेया शाक्य, 519वीं रैंक
5 ऋत्विक मेहता, 520 वीं रैंक
6 जान्ह्वी सैनी, 682वीं रैंक
7 अनुप्रिया शाक्य, 631वीं रैंक
8 निखिल सिंह कुशवाहा 463 वीं रैंक
9 तरूण प्रताप मौर्य, 841वीं रैंक
10 मनोज सैनी, सहारन

सभी युवाओं कों सिविल परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर माली सैनी सन्देश परिवार हार्दिक बधाई प्रेक्षित करता है। हमें विश्वास है सभी युवा अपने कार्य कुशलता से प्रशासनिक सेवाओं में श्रेष्ठता के साथ कार्य कर माता पिता के साथ समाज व देश को गौरवान्वित करेगें।

# सैनी धर्मशाला में मनाई महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती

## महात्मा ज्योतिबा फूले के बताए रास्ते पर चलने की जरुरत: कर्मवीर सैनी

करनाल। सैनी धर्मशाला करनाल में वीरवार को महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती मनाई गई। इस मौके पर कान्फेड के चेयरमैन एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कर्मवीर सैनी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। यहां लोगों ने सैनी का कान्फेड चेयरमैन बनने पर भी अभिनंदन किया और मुख्यमंत्री नायब सैनी तथा पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल का आभार जताया। सैनी ने कहा कि आज हमें महात्मा ज्योतिबा फूले के बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है ताकि पिछड़ों, कमेरा वर्ग, मजदूरों व शोषितों का भला हो सके। कर्मवीर सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लेकर आए थे। जब कमजोर तब के ऊपर जागीरदार, सामंतवाद व अंग्रेज शोषण व अत्याचार करते थे, उस समय महात्मा ज्योतिबा फूले ने अशिक्षतों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया था। 1848 में उन्होंने पहला स्कूल महाराष्ट्र में खोला। इसके बाद उन्होंने एक-एक करके 52 स्कूल भारत में खोले। अध्यापकों की कमी को पूरा करने के लिए अपनी धर्मपत्नी सावित्रीबाई फूले को शिक्षित करके अध्यापक बनाया। सावित्रीबाई फूले भारत की सबसे पहली शिक्षिका बनी। आज हमें महात्मा ज्योतिबा फूले के बताए रास्ते चलने की जरूरत है और इससे प्रेरणा लेनी चाहिए ताकि हम गरीब, कमेरा वर्ग, शोषितों का भला कर सकें। सैनी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने सत्ता में रहते हुए इन वर्गों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई। गरीब लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड, बसों में फ्री बस पास की सुविधा दिलाई। महात्मा ज्योतिबा फूले के बताए रास्ते पर आज मुख्यमंत्री नायब सैनी भी चल रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल का कार्यकाल हर शोषित वर्ग के उत्थान के लिए कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने का रहा है। पिछड़ा वर्ग, किसान, कमजोर तब के समेत सभी वर्गों की सोच रखने वाले नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल का आभार जताया। बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर जो कर्ज भाजपा नेताओं ने उनपर चढ़ाया है, उसका बदला वह चुनाव में उतारेंगे। कर्मवीर सैनी ने कहा कि करनाल की पुरानी सब्जीमंडी में 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी। इस जयंती समारोह को मुख्यमंत्री नायब सैनी तथा पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल संबोधित करेंगे। उन्होंने इस जयंती समारोह को विशाल रैली में बदलने की लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कि इसमें लाखों की संख्या में लोग भाग लेंगे। इस मौके पर सैनी सभा के प्रधान अमित सैनी, हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम की डायरेक्टर ज्योति सैनी, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेश सैनी एडवोकेट, डॉ . पंकज सैनी, सुमन सैनी, रक्तदान में विश्व रिकार्ड होल्डर कैप्टन सुरेश, पूर्व प्रधान रुलियाराम सैनी, भीमप्रकाश सैनी, सुरजीत सैनी, केहर सिंह सैनी, दीपक, भूप सिंह, सुमेर सिंह, राजकुमार, अनिल सैनी, राजा सैनी, जगदीश कश्यप, युद्धवीर सिंह निगम पार्षद, मुख्तयार सिंह भी मौजूद रहे।

# डॉ. सैनी के कार्यक्रम का आकाशवाणी जयपुर से हुआ प्रसारण




नवलगढ़। डॉ. राजेश कुमार सैनी ( हरितगृह विशेषज्ञ एवं इंटरनेशनल ट्रेंनर ) का आकाशवाणी केंद्र जयपुर से कृषि आधारित कार्यक्रम खेती बाड़ी के अंतर्गत विषय ग्रीन हाउस में सब्जियों की उन्नत खेती का प्रसारण हुआ सैनी ने इस कार्यक्रम में ग्रीन हाउस के महत्व एवं पोली हाउस, शेड नेट हाउस मे होने वाली बेमौसमी सब्जियों की उन्नत खेती, हाईटेक नर्सरी मे सब्जियां की पौध बनाने का तरीका एवं ग्रीन हाउस में वातावरण नियंत्रण, कीट नियंत्रण के कृषि उपकरण एवं फार्म पॉन्ड, ड्रिप इरीगेशन ,प्लास्टिक मलच, फर्टिगेशन तकनीक के बारे में जानकारी दी और युवाओं को ग्रीन हाउस को स्वरोजगार के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ग्रीनहाउस खेती को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती बताया जिसमें की पौधों का संरक्षण किया जाता है एवं उपयुक्त वातावरण प्रदान किया जाता है और उच्च गुणवत्ता का उत्पाद और ज्यादा उत्पादन प्राप्त किया जाता है। उन्होंने ग्रीन हाउस मे सब्जियां की उन्नत खेती को लाभप्रद एवं समय की मांग बताया। कृषकों से आह्वान किया की परंपरागत खेती को छोड़कर इसे अपनाएं क्योंकि ग्रीन हाउस मे बे मौसमी सब्जियां की खेती फायदे का सौदा है । सैनी पिछले 25 वर्षो से कृषि क्षेत्र में किसानों का मार्गदर्शन कर रहे हैं देश विदेश का दौरा कर चुके हैं ।

उल्लेखनीय है कि सैनी कृषि विशेषज्ञ एवं इंटरनेशनल ट्रेनर है साथ ही पूर्व में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हो चुके है। सैनी देश विदेश नीदरलैंड, बेल्जियम, ऑस्ट्रिया, नेपाल, अफगानिस्तान इत्यादि देशों की यात्रा कर चुके हैं । सैनी लंबे अरसे से कृषि, हाईटेक खेती बागवानी वृक्षारोपण ,पर्यावरण, पत्रकारिता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। सैनी पर्यावरण एवं कृषि संबंधित पत्र पत्रिकाएं, समाचार पत्रों , सामुदायिक रेडियो एवं सोशल मीडिया से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं स सैनी शेखावाटी क्षेत्र के नवलगढ़ कस्बे के रहने वाले हैं। किसान वर्ग में काफी लोकप्रिय हैं । राज्य में हाईटेक खेती के प्रचार प्रसार के लिए सदैव तत्पर रहते हैं । प्रदेश में ग्रीनहाउस में सब्जियों की उन्नत खेती की असीम संभावनाएं हैं अत: कृषक ग्रीनहाउस तकनीकी अपना कर मुनाफा कमाए। डॉ. सैनी ने बताया कि प्रदेश में बेमौसमी सब्जियां एवं हाईटेक नर्सरी पौधे उगाए जा सकते हैं एवं फॉर्म पॉन्ड बनाकर पानी का संचय किया जा सकता है ।

# महात्मा फुले जयंती पर वरिष्ठ समाज जनों का सम्मान समारोह संपन्न हुआ





जबलपुर। महात्मा फुले की जयंती पर्व पर, श्री माली सैनी समाज विकास समिति जबलपुर द्वारा, महात्मा फुले की जयंती पर्व, दिनांक 11अप्रैल  दिन गुरुवार को आमनपुर जबलपुर कि ,सामाजिक धर्मशाला में बड़े धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ समाजसेवी नागरिकों का सम्मान किया गया। श्रीमाली सैनी समाज विकास समिति जबलपुर के द्वारा चंद्रभान सैनी अध्यक्ष कमलेश सैनी उपाध्यक्ष सुनील सोनू सैनी सचिव जितेंद्र सैनी कोषाध्यक्ष संजय सैनी उपुसाध्यक्ष मनोज सैनी दीपक सैनी दीपक वर्मा शिवम सैनी अनिल सैनी दयाशंकर सैनी पदाधिकारी द्वारा वरिष्ठ जनों का तिलक एवं गमछा छायाचित्र देकर सम्मान किया गया। जिसमें सर्वप्रथम श्रीमती अर्चना सैनी रांझी श्रीमगनलाल सैनी (शुक्ला नगर)श्री दीपचंद सैनी (सुदामा नगर)श्री बाल गोविंद माली( राष्ट्रीय अध्यक्ष बरगी)श्री मोहन सैनी ( शिवनगर)श्री मणि सैनी ( सुदामा नगर)श्री संतोष सैनी (कालीमठ) श्री मुन्ना सैनी (रानीपुर) श्री रेखा राम भाटी तेलगाना राजस्थान श्री सुरेश सैनी (रानीपुर)श्री उमाशंकर सैनी (रानीपुर)श्री काले खान सैनी सुदामा नगरश्री जीवनलाल सैनी रानीपुरश्री प्रदीप सैनी विजय नगरश्री रमेश सैनी चंडाल भाटा श्री जगदीश सैनी रामपुर श्री रमेश सैनी अमानपुरश्री महिपाल सैनी अमानपुर श्री हल्लू सैनी अमानपुर श्री लखन सैनी अमानपुरश्री नारायण सैनी अमानपुरश्री पूरनलाल सैनी रानीपुरश्री लखन लाल सैनी धनवंतरी नगर श्री मिट्ठू लाल सैनी धनवंतरी नगरश्री अशोक सैनी गोरिया प्लांट श्री रमेश सैनी श्री मदन गोपाल सैनी यादव कॉलोनी श्री प्रकाश सैनी (मानेगांव)  रांझी श्री कैलाश सैनी (मानेगाब रांझी) ओम प्रकाश सैनी रांझी सुनील सैनी रानीपुरश्री मदन सैनी गढ़ा श्री हरिलाल सैनी रानीपुर श्री कैलाश सैनी रानीपुर प्रदीप भारत रानीपुरअजय सैनी रानीपुरनर्मदा प्रसाद सैनी रानीपुर श्री लक्ष्मी नारायण सैनी शुक्ला नगर  श्री दालचंद्र  सैनी  गड़ा फाटक श्री ओम प्रकाश सैनी रामपुर गुप्तेश्वर बसोरी लाल सैनी रानीपुरश्री विजय सैनी रानीपुर ( गोलू सैनी)महेश सैनी ( भेड़ाघाट) नारायण प्रसाद सैनी( पुष्पकार ) रानीपुर प्रकाश चंद्र मालाकार ( काली मठ) रामकुमार सैनी (अमानपुर) हीरालाल सैनी (अमानपुर)  श्री राम प्रसाद सैनी (गंगानगर) श्री प्रमोद सैनी (काली मठ)  श्री मगनलाल बाड़ोलिया (सदर)

# ज्योतिबा फुले जयंतीः महात्मा ज्योतिबा फुले के मार्गों पर चलने का लिया संकल्प




दौसा। (संस्कार सृजन) सैनी समाज महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान, दौसा के तत्वावधान में गुरुवार को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान कलश यात्रा निकाली तथा प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री ओंकारेश्वर महादेव मंदिर से कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा के मुख्य अतिथि बांदीकुई विधायक भागचंद टाकड़ा रहे। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर कलश यात्रा को रवाना किया। इस दौरान समाज लोगों ने अपने प्रतिष्ठान बंदकर समारोह में हिस्सा लिया। समारोह में मुख्य अतिथि जिला प्रमुख हीरालाल सैनी, अध्यक्षता ईश्वर लाल सैनी तहसील अध्यक्ष सैनी समाज दौसा ने की। विशिष्ट अतिथि गिर्राज प्रसाद सैनी जिला अध्यक्ष सैनी समाज, छात्रावास अध्यक्ष गिरधारी लाल सैनी, एडवोकेट भावना सैनी, प्रभु दयाल सैनी पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद,  मूलचंद सैनी नगर अध्यक्ष सैनी समाज दौसा रहे। अतिथि महानुभावों द्वारा महात्मा फुले की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भागचंद टाकड़ा  ने कहा कि ज्योतिबा फुले ने लोगों में शिक्षा की अलख जगाकर एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया था। उन्होंने समाज का हर समय साथ देने का आश्वासन दिया।

जिला प्रमुख हीरालाल सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले द्वारा समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने व महिला शिक्षा के लिए किए गए कार्य सदैव याद रहेंगे। सैनी समाज के जिलाध्यक्ष गिर्राज प्रसाद सैनी ने कहा कि युवा लक्ष्य को निर्धारित कर सफलता प्राप्त करते हुए शिक्षित बने।  जयन्ती समारोह में समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कवि कृष्ण कुमार सैनी ने अपनी कविताओं से समाज में व्याप्त कुरीतियों को उजागर किया।

संस्था के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सैनी आढ़तीया ने युवक व युवतियों को शिक्षित बनकर देश व समाज का नाम रोशन करने की अपील की। समारोह में पधारे हुए सभी समाज बंधुओ का आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया।  इस अवसर पर सचिव सुरेश सैनी भालका, उपाध्यक्ष कमलेश सैनी लक्ष्मीपुरा, कोषाध्यक्ष छोटूराम सैनी, कन्हैया लाल सैनी, रामखिलाड़ी सैनी, कालूराम पटेल, शंकर लाल सैनी, महाराज सिंह पटवारी, नरेंद्र सैनी, राजू सैनी मंडी अध्यक्ष, लल्लू प्रसाद सैनी गुरुजी, संजय करेडिवाल, दिनेश कुमार सैनी, गोविन्द नारायण सैनी पूर्व अध्यक्ष, राजेश सैनी पूर्व सचिव, बंटी सैनी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन कवि कृष्ण कुमार सैनी एवं जितेन्द्र सैनी शारीरिक शिक्षक ने सामूहिक रूप से किया।

स्मृति शेष...

# पूर्व मंत्री चौधरी हरि सिंह सैनी के निधन पर शहर में शोक की लहर, कई जगह दुकानें बंद रखी



हिसार। पूर्व मंत्री चौधरी हरि सिंह सैनी ने 1991 में आर्य समाज मार्केट में कब्जा करने आए कब्जाधारियों की ईंटें तक रखवा ली थीं। मौके पर ही कहा किसी ने मां का दूध पिया है तो यहां कब्जा करके दिखाओ। बाद में इस मुद्दे को लेकर भूतपूर्व सीएम चौधरी भजनलाल के सेक्टर 15 स्थित मकान पर पंचायत हुई। उस वक्त चौ. भजन लाल सीएम थे। उनकी हरि सिंह सैनी कोठी पर ही चौधरी हरि सिंह सैनी ने बिना दबे कहा कि आर्य समाज ट्रस्ट की जमीन पर मैं कब्जा नहीं करने दूंगा। किसी में दम है तो वहां आ जाना। चौधरी हरि सिंह सैनी हर समाज के व्यक्ति की मदद के लिए हमेशा खड़े रहते थे। वर्ष 1982 में सुबह के वक्त वे टहल कर मोहल्ला डोगरान की तरफ से अपने घर पैदल आ रहे थे। रास्ते में एक बर्फ की फैक्ट्री का निर्माण चल रहा था। स्थानीय लोग रिहायशी इलाके में बर्फ फैक्ट्री लगाने का विरोध कर रहे थे। मौके पर संबंधित एरिया के तत्कालीन एसएचओ भी थे। उन्होंने विरोध करने वालों को कहा कि अगर किसी के पेट में दर्द है तो मेरे सामने आकर खड़े हो जाओ। रास्ते से गुजर रहे चौधरी हरि सिंह सैनी एसएचओ के सामने जाकर खड़े हो गए और कहा कि मेरे पेट में दर्द है मेरा कर दो ठीक। गलत काम खुद करवा रहे हो मैं यह काम नहीं होने दूंगा। वे मोहल्लेवासियों के साथ खड़े हो गए। समाज के लोग उन्हें बड़े नेता के रूप में देखते रहे हैं। उनके राजनीति में सक्रिय होने के बाद हरियाणा का कोई ऐसा सीएम नहीं रहा जिन्होंने हिसार की राजनीति में उनका सहयोग न लिया हो। किसी वक्त जुगलान गांव विधानसभा हिसार में आता था। गांव में पानी की बड़ी किल्लत थी। उन्होंने जुगलान गांव में नहरी पानी पहुंचाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। ग्रामीण आज भी उनके इस बड़े काम को हमेशा याद करते हैं। वे अनेक सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए थे। **जैसा एडवोकेट मुकेश सैनी ने बताया।**

**पूर्व मंत्री चौ. हरिसिंह सैनी पंचतत्व में विलीन:** हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं आर्य समाज हिसार के प्रधान समाज सेवी चौ. हरिसिंह सिंह सैनी पंचतत्व में विलीन हो गए। गुरुवार को कृषि नगर स्थित श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान मोहल्ला सैनियान हिसार से दोपहर 12 बजे शुरू हुई और शहर के विभिन्न बाजारों, डोगरान बाजार से इंदिरा मार्केट, तेलियान पुल राजगुरु मार्केट, आर्य समाज मार्केट में से होते हुए कृषि नगर मुख्य बस स्टैंड स्थित श्मशान घाट पहुंची।



रास्ते में विभिन्न बाजारों में अनेक व्यापारियों ने पुष्प वर्षा करते हुए उन्हें अंतिम विदाई दी। सीएम नायब सिंह सैनी की ओर से स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने पुष्पांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में मुख्यमंत्री का संदेश देकर ढांढस बंधाया। स्वामी आर्यवेश प्रधान सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा भारत एवं जिला प्रशासन हिसार की तरफ से अनिल कुमार तहसीलदार हिसार ने श्रद्धांजलि दी। भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला, सावित्री जिंदल पूर्व मंत्री ने उनके आवास पर पहुंचकर संवेदना प्रकट की।

## माली समाज का लोटियां कलश मेला आयोजित



सोजत सिटी । माली समाज का लोटियां कलश मेला एवं ज्योतिबा फुले जयंती शोभायात्रा के साथ श्री नीलकंठ महादेव मंदिर संतोष आश्रम रामप्याऊ के गुरुदेव संत स्वामी चेतनगिरि महाराज के सान्निध्य में चारों मोहल्ले के चौधरी मुन्नालाल तंवर, लुम्बाराम सांखला, भैराराम पालरिया, ताराचंद सैनी, रतनलाल भाटी एवं समाज के गणमान्य पंचगण किशनलाल कच्छवाह, मांगीलाल चौहान, कालुराम सोलंकी, गणपतसिंह पालरिया, पन्नालाल पंवार, नेनाराम चौहान, मोहनलाल गहलोत, आत्माराम सांखला, मांगीलाल पालरिया, नारायणलाल परिहार, भंवरलाल पालरिया, सोहनलाल गहलोत, राजेन्द्र सोलंकी एवं घांची समाज के अध्यक्ष नरपतराम सोलंकी, चौधरी मदनसिंह राठौड़, मुन्नालाल, लक्ष्मणराम, चौनाराम, मेवाड़ा समाज के मदनलाल मेवाड़ा, सीरवी समाज के चौधरी मुकनाराम प्रजापत समाज के मदनलाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष रामलाल सांखला, पूर्व अध्यक्ष मोहनलाल टाक, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष ऐश्वर्या सांखला, राजेश सांखला, मेहंदी व्यापार संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण सांखला, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण टाक, चंपालाल सांखला सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने लोटियां शोभायात्रा निकाली।

इस अवसर पर समाज बंधुओं ने आकर्षण गेर नृत्य भी किया।

## समग्र माली समाज वैवाहिक परिचय सम्मेलन 7 जुलाई को अजमेर में

अजमेर। धीर माली, भोई माली, काछी माली, मेवाडा माली, फूल माली, कुशवाहा, शाक्य, मौर्य, बागवान, रेड्डी माली, पटेल माली, सैनी माली समाज के अविवाहित बेटे बेटियो और महिला पुरुषों के लिए दिनांक 07 जुलाई 2024 रविवार को गढ़वाल पैलेस तोपदड़ा, अजमेर में दोपहर 11 बजे से माली सैनी समाज के अविवाहित डॉक्टर, इंजिनियर, वकील, सरकारी और प्राइवेट कर्मी, व्यापारी, एनआरआई इत्यादि के साथ पुनर्विवाह महिला पुरुष समाज बंधुओ के विवाह हेतु भव्य वैवाहिक परिचय सम्मेलन अजमेर माली सैनी समाज की संस्था ज्योतिबा फूले (सैनी) मालियान एकता समिति, अजमेर राजस्थान (रजिस्टर्ड) द्वारा आयोजन किया जा रहा है।

**आयोजन की अधिक जानकारी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु आप निम्न समाज बंधुओं से सम्पर्क कर सकते हैं:**

हेमेंद्र सिंगोदिया 9251402571

राजकुमार भाटी 7737906186

सुनील अलूदिया 9828042158

# ज्योतिबा फुले ने भारतीय समाज में नई सोच व आदर्श स्थापित किया, इनकी जीवनी से लें प्रेरणा : परिहार

## महात्मा ज्योतिबा फूले की 197वीं जयंती पर कार्यक्रम में शिक्षा व समाज विकास की मुद्दों पर चर्चा

जैसलमेर। महान समाज सुधारक व लेखक महात्मा ज्योतिबा फुले की 197वीं जयंती डेडानसर रोड स्थित माली समाज भवन में मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित प्रबुद्धजनों व युवाओं ने मिलकर महात्मा ज्योतिबा फले जी के महान कार्यो को स्मरण किया और उनकी प्रेरणा से समाज में न्याय और समानता की ओर बढे । वहीं ज्योतिबा फुले के आदर्शो को याद करते हुए उनके संदेश को समाज में फैलाने के साथ एक सशक्त और समृद्ध समाज की ओर अग्रसर होने की प्रतिज्ञा ली। इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान संघ के अध्यक्ष मेघराज परिहार ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन और उनके योगदान के बारे में बताते हुए कहा कि ज्योतिबा फूले एक महान समाज सुधारक थे। जिन्होंने अपने जीवन के दौरान महिला शिक्षा के महत्व को समझाया और दलितों एवं पिछड़ों के लिए समानता के लिए लड़ाई लड़ी। माली समाज अध्यक्ष देवीलाल पंवार ने कहा कि ज्योतिबा की सोच ने भारतीय समाज को एक नया आदर्श दिया। पूर्व बीसूका अध्यक्ष व माली समाज के संरक्षक देवकाराम माली ने बताया कि ज्योतिबा फूले ने अपने जीवन के दौरान एक शिक्षाविद के रूप में काम किया। हमें वर्तमान में उनके पद चिन्हों पर चलने की जरूरत है। महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान देवा के अध्यक्ष कैलाश कछवाहा ने कहा कि भारत में फुले ने महिला जाति सेवा समाज की स्थापना की जो महिलाओं को शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता के लिए सक्षम बनाने के लिए काम करती है। राजेंद्र कुमार सैनी ने बताया कि उन्होंने दलितों के लिए शिक्षा के लिए लड़ाई लड़ी और उन्हें समानता के अधिकार के लिए लड़ने के लिए प्रेरित किया।



उन्होंने युवाओं को शिक्षा से निरंतर जुड़े रहने का आह्वान किया। शिवदानराम पारेवर ने बताया कि ज्योतिबा फूले के द्वारा बताए मार्ग पर चलते हुए शिक्षा के महत्व को ज्यादा समझाए। इस दौरान मालाराम हड्डा, घनश्याम परिहार, भूपेंद्र कुमार धायसर व मुकेश कुमार बारुपाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जेठाराम पंवार, अमित दीनदयाल, चंद्रप्रकाश, धर्मेंद्र कछवाहा, मूलचंद सोलंकी, सुरेश सोलंकी, भोजराज, कोजराज, महेश कुमार, मूलाराम, पपुराम, शिवदानराम, रमेश कुमार, धाराराम, केसराराम बारुपाल, सवाई परिहार, कमलेश सोलंकी, गोपीचंद, प्रेम कुमार सोलंकी, सवाईलाल, अनिल भाटी, दिनेश सोलंकी व पदम कुमार मौजूद रहे।

**रामगढ़।** भारत के महान समाज सुधारक, लेखक, चिंतक, क्रांतिकारी भारतीय विचारक, जाति प्रथा के विरोधी, महिला शिक्षा के समर्थक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर गुरुवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तगाराम द्वारा ज्योतिबा फुले का जीवन परिचय बताते हुए उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान एवं महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए किए गए संघर्ष के बारे में अवगत करवाया गया। व्याख्याता सुरेश कुमार गाड़ी ने ज्योतिबा फुले द्वारा अपने जीवन काल में किए गए समाज सुधार के प्रयासों को विस्तार से समझाया। साथ ही उस समय में व्याप्त अंधविश्वास, पाखंडता, छुआछूत व भेदभाव जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाज से दूर से करने के क्षेत्र में ज्योतिबा फुले द्वारा किए गए कार्यो को सभी के सामने प्रस्तुत किया। गुमाना राम गँवा ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले की शिक्षा एवं उनके विचारों को हमें अपने व्यवहारिक जीवन में उतरना चाहिए एवं इससे प्रेरित होकर हमें शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा देना चाहिए। रतनलाल गँवा ने बताया कि हमें महिला शिक्षा पर ज्यादा बल देना चाहिए तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को राष्ट्रीय हित में अपने योगदान के लिए प्रेरित करना चाहिए।

### जयंती मनाई– माली सैनी समाज की ओर से हुए कई कार्यक्रम, वाहन रैली व शोभायात्रा निकाली

# सामाजिक काति के अग्रदूत फुले को किया नमन

अजमेर। अखिल भारतीय महात्मा फुले समता परिषद के तत्वावधान में सामाजिक कांति के अग्रदूत , महिला शिक्षा के प्रेरक महात्मा ज्योतिबा फुले की जंयती फुल सर्कल स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस दौरान महात्मा ज्योतिबा फुले अमर रहे के नारे लगाए। इस दौरान राजनीतिक सगंठनों के पदाधिकारी कार्यकर्ता व समाजिक संगठनो के पदाधिकारी मौजुदा रहें।

समता परिषद सैनी की और से वाहन रैली निकाली गई। जागृति मंच अध्यक्ष के नेतृत्व में निकाली गई रैली राधे रानी गार्डन गुलाबबाड़ी से रवाना होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए ज्योति राव फुले सर्कल पर समाप्त हुई। बालमुकुंद टाक, जितेन्द्र मारोठिया राजेश भाटी आदि ने रैली का संयोजक किया। रैली को त्रिलोकचंद इंदौरा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के समापन पर ज्योतिबा फुले सर्कल पर 1100 दीपकों के साथ दीपदान किया गया। कार्यक्रम में हेमराज खरोलिया, हेमेन्द्र सिंगोदिया, पालाराम सैनी, अनिल मौर्य, घीसू गढ़वाल दिलीप गढ़वाल, धर्मेन्द्र टाक, मोहित सैनी, सेंतोष मौर्य, सुनीता चौहान, शारदा मालाकार, बबीता चौहान आदि मौजुदा रहें।

**बालिका शिक्षा की अलख जगाई:** इस दौरान महात्मा ज्योतिबा फुले के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया तथा उनके आदर्शो व शिक्षा को जीवन में उतारने का प्राण लिया। महात्मा ज्योतिबा फुले ने शिक्षा पर जोर दिया।

**फुले दंपती को मिले भारत रत्न:** राष्ट्रीय जागृति मंच अध्यक्ष पूनमचंद मारोठिया ने केन्द्र सरकार से फुले दंपती को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की। गड्डी मालियान , बंजरग कॉलोनी, ज्योतिबा गार्डन में नेमीचंद बबेरवाल के नेतृत्व में पुष्पांजलि व भजन गायन हुआ। महिलाओं के लिए नि:शुल्क प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन किया। राजस्थान जागृति मंच ने शरबत व परिंडों का वितरण किया।

**पुष्पांजलि व माल्यार्पण:** इस दौरान दक्षिण विधायक अनिता भदेल, भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी, कांग्रेस प्रत्याशी रामचन्द्र चौधरी , द्रौपदी कोली, विजय जैन, डॉ.श्रीगोपाल बाहेती, महेन्द्र सिंह, रलावता, त्रिलोक चंद इंदौरा, महेश चौहान, प्रदीप कच्छावा, दिलावर चौहान, चेतन सैनी, रवि दगदी, निक्की तुनवाल, रवि कच्छावा आदि मौजूदा रहें।

# रेलवे क्लब में लगा शिविर, रक्तसंग्रहित करने के लिए पीबीएम अस्पताल के डॉक्टर पहुंचे महात्मा ज्योतिबा फुले और आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 827 लोगों ने किया रक्तदान



बीकानेर। महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती और आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार को रेलवे क्लब में लगे शिविर में 827 लोगों ने रक्तदान किया। सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक चार संगठनों के संयुक्त तत्त्वावधान में लगाया गया। डॉ. आंबेडकर अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी संगठन, अश्वल इंडिया एससीएसटी रेलवे एम्पलाइज एसोसिएशन, डॉ.आंबेडकर वेलफेयर सोसायटी और भारतीय जीवन बीमा निगम एससी एसटी बुद्धिस्ट कर्मचारी अधिकारी कल्याण संगठन के संयुक्त तत्त्वावधान में लगाए गए शिविर में पीबीएम हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने रक्त संग्रहित किया। अजाक प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार पन्नू ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में डीआरएम डॉ. आशीष कुमार, वरिष्ठ मंडल रेल इंजीनियर आदित्य लेघा, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रमेश मांझी, एलआईसी एसडीएम एमएन सोनी, एडिशनल प्रिंसिपल डॉक्टर सुरेंद्र वर्मा, श्रीगंगानगर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. पीके बेरवाल, पीबीएम अधीक्षक डॉ.पीके सैनी, डॉ.अशोक परमार, डॉ.अशोक लूणिया, डॉ. केदारनाथ, डॉ.श्रीगोपाल, डॉ.अरुण भारती, डॉ. अनिल चौहान, डॉ. विजय, सोनिया, जेलर शकुंतला, पन्नालाल चंदन ने शिरकत की। वहीं कार्यक्रम में डॉ. सीताराम मेहरिया और डॉ.कालूराम, डॉ.रामकिशोर मेहरा, मोहनलाल बुनकर, लक्ष्मण मंडल, अनिल कुमार, सतीश नायक, दीपक बाछल आदि ने सहयोग दिया। इसी महीने 2 अप्रैल को भलूरी गांव में भूराराम मेघवाल के घर आग लगने से सब कुछ नष्ट हो गया। अजाक द्वारा भूराराम को 51 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग दिया गया।

**रक्तदाताओं को दिए हेमलेटः** रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को शिविर में सुरक्षा के लिहाज से हेलमेट वितरित किए गए। हेलमेट वितरित करने के अलावा रक्तदान करने वाले लोगों को दूध, जलेबी और एक-एक केला दिया गया।

# महात्मा फुले की 197 जयंती संकल्प दिवस के रूप में मनाई

जयपुर। महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान विद्याधर नगर परिसर में सामाजिक शैक्षणिक क्रांति के जनक महात्मा ज्योतिबा फुले की 197वीं जयंती मनाई गई। संस्थान के महामंत्री पूनमचंद कच्छावाह ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भगवान सहाय सैनी पूर्व विधायक चोमू रहे अध्यक्षता संस्थान के संरक्षक श्री रामलाल कच्छावा ने की विशिष्ट अतिथि पार्षद श्री भंवरलाल मालाकार, श्री गोपाल सैनी ओलंपियन, श्री रविप्रकाश सैनी पार्षद, श्रीमती सीता भाटी कोटा ,श्री सीताराम सैनी अकेड़ा डूंगर, श्री हनुमान प्रसाद सैनी अध्यक्ष, चयन कमेटी, श्री राम नारायण चौहान महासचिव महात्मा फूले शिक्षण संस्थान नई दिल्ली, श्री चंद्रप्रकाश सैनी जिला उपाध्यक्ष भाजपा, प्रोफेसर राम प्रताप सैनी रहे संस्थान के अध्यक्ष अनुभव चंदेल ने उपस्थित जनसमूह से फुले दंपति के आदर्शो को अपनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। एवं उपस्थित जनसमूह को संकल्प दिलाया आए हुए सभी अतिथियों एवं महानुभावों ने महात्मा ज्योतिबा फुले की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। समारोह में राजस्थान प्रदेश से प्रत्येक जिले से आए समाजसेवियों को जिला स्तरीय महात्मा ज्योतिबा फुले सम्मान 2024 एवं सावित्रीबाई फुले सम्मान 2024 प्रदान किया गया देश-विदेश से आए समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया किया गया इस अवसर पर राज्य स्तरीय सामाजिक सेवा के लिए महात्मा ज्योतिबा फुले अवार्ड श्री ग्यारसी लाल जी सैनी, स्त्री शिक्षा कार्य के लिए ज्ञान ज्योति सावित्रीबाई फुले अवार्ड श्रीमती रजनी महरवाल को, समाज सेवा के लिए ताराचंद चंदेल अवार्ड श्री ताराचंद सैनी उप प्रधान नवलगढ़ को खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए के.एल. सैनी अवार्ड श्री रामस्वरूप सैनी लक्ष्मणगढ़ वालों को प्रदान किया गया ओंकारमल सैनी रिटायर्ड वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले के जीवन और कार्यो के संबंध में प्रश्नोत्तरी से जवाब मांगे। लगभग 70 प्रतिशत उत्तर जनसमूह ने सही रूप से दिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश-विदेश में कत्थक नृत्य की प्रस्तुति देने वाले कलाकार मुरारी भारती सैनी तथा राजस्थान संस्कृति को आगे बढ़ाने वाले हर्षवर्धन सैनी एंड टीम के कलाकारों ने सुरीला राजस्थान का सामूहिक नृत्य से जनमानस को भाव विभोर किया। समारोह में श्री सुरेश सैनी रेलवे अध्यक्ष समाज कर्मचारी अधिकारी संस्था, श्री जुगल किशोर सैनी, श्री राम प्रसाद सैनी, बहादुरमल सैनी, सुशील सैनी, सुनील सैनी एडवोकेट, पुष्पेंद्र सैनी एडवोकेट, तन्मय सैनी (CA), प्रेम सैनी (CA), देवेंद्र सैनी, श्रीमती तनु सैनी, श्रीमती योगिता सैनी अध्यक्ष जयपुर चौताली सैनी महामंत्री महिला, श्रीमती रीनू सैनी, श्रीमती सुशीला सैनी, श्री सोहन सैनी एवं सहयोगियों के साथ आयोजन की यादगार तैयारी की। नव नियुक्त कोषाध्यक्ष श्री भागचंद जी सैनी को शपथ दिलाई गई महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्थान के महासचिव रामनारायण चौहान ने फुले जी की जीवनी व कार्यो पर प्रकाश डाला। निर्माणाधीन फुले भवन के लिए संग्रहण टीम( पूनम चंद कच्छावा, रविकांत इंदौपिया, महेश सैनी, रूपेश चंदेल, राघव पंवार लक्ष्मणगढ़, जितेंद्र सैनी (फोटोग्राफर) राजेश सैनी एडवोकेट, श्रीमती चौताली सैनी) द्वारा इनामी कूपन 500 का जारी किया गया एवं विमोचन करवाया गया संस्थान द्वारा जयपुर आने वाले सदस्यों के लिए विद्याधर नगर स्थित परिसर में रहने,भोजन की व्यवस्था प्रारंभ की गई। सुविधाजनक एवं नाम मात्र की राशि में जयपुर आने वाले समाज के यात्रीगण रुक कर राजस्थान की संस्कृति से परिचित हो सकते हैं। फुले गैलरी, फुले वाचनालय के माध्यम से फुले दम्पत्ति के जीवन से प्रेरणा ले सकते हैं। कार्यक्रम का शानदार मंच संचालन राघव पंवार (पत्रकार) लक्ष्मणगढ़ के द्वारा किया गया एवं बेस्ट एंकरिंग के लिए उनको सम्मानित भी किया गया श्री जितेंद्र सैनी (राज डिजिटल स्टूडियो) को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया संस्थान जयपुर जिला संभाग की अध्यक्ष श्रीमती तनु सैनी एवं महामंत्री चौताली सैनी एवं महिला विंग की समस्त पदाधिकारी ने आए हुए सभी मेहमानों, अतिथियों एवं सदस्यों का आभार प्रकट किया

# आईएफडब्लूयजे उपखंड इकाई के माली अध्यक्ष नियुक्त जैसाराम माली को अध्यक्ष बनते ही शिवगंज नगर के सभी संगठनों ने बधाई दी





# निर्विरोध निर्वाचित सैनी समाज के अध्यक्ष तेजकरण का किया स्वागत



फुलेरा ।। कस्बे के बालाजी बासपास पर स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल पर सांयकाल को एक सम्मान समारोह प्रदीप गहलोत की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।। कार्यक्रम के अंतर्गत माली सैनी समाज के प्रबुद्धजनों ने शैक्षणिक क्रांति के जनक और दलितों एवम पिछड़े वर्ग के उद्धारक महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया।। तत्पश्चात सैनी समाज के प्रबुद्धजनों ने महात्मा ज्योतिबा फुले संस्था फुलेरा के प्रथम अध्यक्ष प्रदीप गहलोत के साथ मिलकर माली सैनी समाज फुलेरा के निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष तेजकरण सैनी और समाज हित में अपना नामांकन वापिस लेने वाले युवा समाज सेवी और पूर्व पार्षद सुरेश सांखला का माल्यार्पण कर और साफा बंधवाकर सम्मान किया।। प्रदीप गहलोत ने कहा की महात्मा जी और सावित्री बाई के पद चिन्हों पर चलते हुए हमें शिक्षा को महत्व देते हुए आगे बढ़ना है।। सभी ने मिलकर माली समाज एकता जिंदाबाद, महात्मा फूले अमर रहे, सावित्री बाई फूले अमर रहे के जयघोष लगाए ।। अंत में सभी को मिष्ठान वितरण किया गया।। इस दौरान पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी, पार्षद अमरचंद सैनी, पूजा भाटी, वरिष्ठ शिक्षाविद बी सी माली, सत्यनारायण सैनी, संत रामपाल महाराज, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष शिवचरण सैनी, पूर्व पार्षद भंवरलाल मालाकार, भागचंद सिंगोदिया, रामकृष्ण माली, शेष नारायण सैनी, श्यामलाल सैनी, रमेश सांखला, विजय सैनी, गणेश सैनी, सुशीला सैनी, मीनू सैनी, दीपिका सैनी, रामलाल सैनी, छगनलाल सैनी, राजेंद्र सैनी, गणेश बड़ीवाल, श्याम सुंदर सैनी, अरविंद सैनी, महेंद्र गढ़वाल, प्रेम सैनी, ओमप्रकाश सैनी, आदि मौजूद रहे।। अंत में प्रदीप गहलोत ने सभी का आभार जताया।।

# ज्योतिबा फूले जयंती: दिनभर चला पुष्पांजलि अर्पित करने का सिलसिला

अजमेर। महात्मा ज्योतिबा फूले की 197वीं जयंती को लेकर ज्योतिबा फूले सर्किल स्थित स्मारक पर दिन भर पुष्पांजलि का सिलसिला चलता रहा। माली सैनी समाज की ओर से आयोजित मुख्य आयोजन में विभिन्न सामाजिक संगठनों व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी शिरकत की।

**विनयपूर्वक रोका, मिल्क शेक पिलाकर की सेवा:** राजस्थान माली सैनी जागृति संस्थान की ओर से ज्योतिबा फूले स्मारक पर शीतल पेय वितरण किया गया। संस्था के कार्यकर्ताओं ने सर्किल से गुजरने वाले सभी लोगों विनयपूर्वक रोका तथा मिल्क शेक पिलाया। दिनभर ज्योतिबा फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने को आने वालों का तांता लगा रहा।

**शिक्षा के क्षेत्र में मातृशक्ति की पहचान बनी: रणछोड सैनी** जयपुर से आए गणमान्य समाज संगठन जीएसएस के राष्ट्रीय संयोजक रणछोड सिंह सैनी ने ज्योतिबा फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि फूले जैसे दूरदर्शी और महान समाज सुधारक माली सैनी समाज में जन्मे। फूले ने तत्कालीन हालातों और अभावपूर्ण जीवन के बीच भी संघर्ष को कभी मंद नहीं पडने दिया। उसी का परिणाम है कि आज महिलाओं को भी पुरुषों के बराबर सम्मान प्राप्त हो रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में मातृशक्ति की पहचान बनी है।

**ज्योतिबा फुले गरीबों एवं पिछड़ों के मसीहा : विजय जैन:** शहर कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष विजय के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। जैन ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने गरीबों एवं पिछड़ों के सामाजिक तथा आर्थिक उत्थान के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उन्होंने शिक्षा का मूलमंत्र दिया, जिससे कमजोर, वंचित एवं पिछड़े वर्ग के लोग भी विकास की मुख्यधारा से जुड़कर अपनी सहभागिता निभा सकें।

**फुले की पहली पाठशाला बन गई मिसाल : मनोज बहेरवाल:** सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज बहेरवाल ने पुष्पांजलि अर्पित कर कहा कि पिछडों और दलितोत्थान के लिए ज्योतिबा फूले का योगदान अतुलनीय है। महिला शिक्षा को बढावा देने के लिए कृतसंकल्प फूले ने पहली पाठशाला खोली जो मिसाल बन गई। उन्होंने समाज में व्याप्त आडंबरों के खिलाफ जनआंदोलन छेडा। आज उनकी जन्म जयंती का यह मौका हमें उनके बताए मार्ग पर चलने को प्रेरित करता है।

**महात्मा ज्योतिबा फूले की 197वीं जयंती की पूर्व संध्या पर जगमगाया स्मारक:** अजमेर। महात्मा ज्योतिबा फूले की 197वीं जयंती के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय महोत्सव का चौथा दिन महिला खेलकूद प्रतियोगिता व सेवाकार्यो के नाम रहा। जयंती की पूर्व संध्या पर दीपदान का आयोजन किया गया। मां सावित्रीबाई फूले मातृशक्ति कल्याण संस्थान रजिस्टर्ड की अध्यक्ष सीमा चौहान ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फूले सर्किल पर बुधवार शाम ३ महात्मा ज्योतिबा फूले की 197वीं जयंती की पूर्व संध्या पर जगमगाया स्मारकको पढ़ना जारी रखें










## सिविल राइट्स सोसायटी ने परिंडे बांधे

सिविल राइट्स सोसायटी, राजस्थान के तत्वाधान में दिनांक 28 अप्रैल 2024 को स्वेज फार्म स्थित महिमा गार्डन एवं सावित्रीबाई फुले सामुदायिक भवन के गार्डन में पक्षियों के लिए परिंडे बांधे गए। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष एंव प्रवक्ता श्रीमती अपूर्वा पाठक के सानिध्य में सिविल राइट्स सोसायटी के सदस्यों ने तापमान बढ़ने के कारण बेजुबान पक्षियों को नियमित रूप से जल उपलब्ध करवाने के लिए परिंडे बांधने का पुनीत कार्य किया। इस अवसर पर सिविल राइट्स सोसायटी के अध्यक्ष श्री एम पी सैनी, संरक्षक विनोद शर्मा, महासचिव दिनेश चौधरी, संयोजक दिनेश चंद सैनी, उपाध्यक्ष महेश चन्द्र गुप्ता राजेंद्र सैनी महावीर सिंह चौहान सुभाष सैनी भागचंद सैनी रमेश कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष विक्रम सैनी एवं पूनम चंद कच्छावा महासचिव महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान, राम प्रसाद राकसिया प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान एंव समाज सेवी बहादुरमल सैनी प्रकाश शर्मा, के के सैनी एडवोकेट रामनिवास सैनी, रमण बंसल, सुरेंद्र सैनी, सुनील शर्मा जूनियर राकसिया, पुखराज जी, राजेंद्र सुराणा रमेश धाबाई, रवि नेनानी, विजय सैनी एवं श्रीमती इंदु सैनी आदि उपस्थित रहे



# आखातीज के अबूझ सावे पर अजमेर में एक शादी बनी मिसाल

अजमेर।आखातीज जैसे अबूझ सावे पर अजमेर में सैकडों विवाह संपन्न हुए। इन सबमें माली समाज की एक शादी मिसाल बन गई। दहेज न लेने और ना ही देने की सोच को धरातल पर उतारते हुए वर वधु पक्ष ने अपने पुत्र व पुत्री की शादी बिना दहेज के करने के संकल्प को पूरा किया। साथ ही इस विवाह समारोह में सामाजिक समरसता का एक अनूठा रूप भी देखने को मिला। बारात की रौनक बढाने वाले बैंड बाजे और लाइट उठाने वालों तक की खूब मेहमान नवाजी की गई।





शुक्रवार को सैनिक विश्राम गृह में व्याख्याता अजयपाल गहलोत की पुत्री वन्दिता व भाजपा नेता घीसूलाल गढवाल के पुत्र हिमांशु के विवाह समारोह की रौनक के बीच दहेज का सामान कहीं नजर नहीं आया। मेहमानों के बीच खासकर महिलाओं में इसी बात को लेकर उत्सुकता बनी हुई थी। बारात स्वागत के बाद लडके व लडकी के पिता बडे सहज भाव से मेहमानों की आवभगत में लगे थे। पहली बार किसी शादी समारोह में बैंड वालों और लाइट उठाने वालों तक की मान मनवार हो रही थी। दोनों ब्याइयों ने अपने हाथ से उन्हें परोसकारी की।

यह नजारा भी सबकों अचंभित करने वाला रहा। बैंड और ढोल वालों को इतना मान सम्मान शायद ही किसी विवाह समारोह में कहीं देखने को मिला हो।

थोडी देर बाद खुद वर और वधु के माता पिता ने इस बात का रहस्योदघाटन किया कि यह शादी दहेज रूपी सामाजिक कुरुति को समाप्त करने की दिशा में हमारी परस्पर सहमति से उठाया कदम है। हमने दहेज ना देने और ना ही देने का संकल्प किया जो सहज रूप से पूर्ण हो गया। मेहमानों ने हमारे निमंत्रण पर पधार कर वर वधु को आशीर्वाद प्रदान किया यह सबसे बडी पूंजी है।

बैंड बाजे और लाइट उठाने वाले बारात की रौनक बढाते हैं। ऐसे में हमारा दायित्व बनता था कि बिना भोजन ग्रहण किए इनमें से कोई भी ना लौटे। इसलिए हमने खुद अपने हाथ से परोसकारी की। बिना जात, पात और धर्म पूछे मेहमानों की तरह ही पूरा मान सम्मान दिया। आशा करते हैं कि अन्य लोग भी इस तरह छोटे छोटे प्रयास करते रहे तो कुरुतियों का अंत होने के साथ ही ही सामाजिक समरसता का भाव सर्वत्र व्याप्त हो जाएगा।

# हरियाणा के छोरे ने JEE Mains की परीक्षा में हासिल किए 99.29 फीसदी अंक, महज़ 5 साल की उम्र में हो गया था अनाथ



महेंद्रगढ़।खेल मैदान से लेकर शिक्षा क्षेत्र की बात करें तो हरियाणा के युवाओं की शानदार उपलब्धि का सिलसिला लगातार जारी है. इसी कड़ी में नारनौल क्षेत्र के मोहल्ला सलामपुरा के रहने वाले एक युवा ने अपनी परफॉर्मेंस के दम पर हरियाणा का नाम रोशन किया है. साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले पुनीत सैनी ने JEE Mains के दूसरे सेशन में 99.29 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं.

इससे पहले जनवरी 2024 में दिए प्रथम सेशन की परीक्षा में भी उन्होंने 99.09 प्रतिशत अंक हासिल किए थे. बता दें कि JEE Mains की दूसरी परीक्षा अनिवार्य नहीं होती है. अक्सर दूसरे सेशन की परीक्षा वहीं स्टूडेंट्स देते हैं, जिनका प्रथम सेशन में रैंक कम आता है

**5 साल की उम्र में हुए थे अनाथः** पुनीत महज 5 साल के थे जब उनके पिता की एक सड़क दुघर्टना में मृत्यु हो गई थी. इसके कुछ ही महीनों बाद बीमारी की वजह से दादा का साया भी सिर से उठ गया था. बाद में पुनीत अपनी मां से भी अलग हो गए थे, क्योंकि ससुराल वालों ने उनका भविष्य सुरक्षित करने के लिए एक बेटी की तरह उनकी दोबारा शादी कर दी थी. इसके बाद, चाचा लोकेश उर्फ गांधी ने उन्हें अपने दो बेटों के बराबर परवरिश दी और उन्हें पढ़ा- लिखा कर इस मुकाम तक पहुंचाया.

**सीकर में पढ़ाईः** पुनीत ने कक्षा दसवीं मनुज मालती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नारनौल से उत्तीर्ण की. इसके बाद, कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई सीकर के एक स्कूल से करते हुए वहीं से कोचिंग प्राप्त की और श्रम्म् डंपदे के दोनों सत्रों की परीक्षा भी दी. दोनों ही सत्रों में उसने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए परिजनों व हरियाणा का गौरव बढ़ाया है.

**परिवार में खुशी का माहौलः** पुनीत की इस उपलब्धि पर परिवार में खुशी का माहौल बना हुआ है. उनके चाचा ने कहा कि पुनीत की इस उपलब्धि से परिवार का नाम रोशन हुआ है और हमें अपने बेटे पर गर्व महसूस हो रहा है. वहीं, पुनीत ने अपनी सफलता का पूरा श्रेय अपने परिजनों को देते हुए कहा कि वह पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि मई माह में होने वाली श्रम्म् ।कअंदबम की परीक्षा में भी ऐसा ही प्रदर्शन कर देश की बढ़िया आईआईटी में अपना स्थान निर्धारित करेगा.

# विवाह सम्मेलन में 159 जोड़े दाम्पत्य जीवन में बंधे

केशवरायपाटन। लालसोट मेगा हाइवे पर स्थित गिरधरपुरा में आयोजित फूलमाली सामूहिक विवाह सम्मेलन में 101 जोड़े दाम्पत्य जीवन में बांधे गए। सम्मेलन में अरनेठा कस्बे से करीब आधा दर्जन परिवारों ने अपने रिश्तेदारों, परिचितों के साथ अपने- अपने दूल्हा एवं दुल्हन को ले जाकर सम्मेलन में पाणिग्रहण संस्कार करवाया। फूलमाली समाज गिरधरपुरा समिति (कोटा) द्वारा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में समाज सेवी डॉक्टर दुर्गा शंकर सैनी ने विवाह सम्मेलन अपने अपने घरों के आंगन में एक-एक तुलसी का पौधा लगाने के लिए भेंट किया। लोगों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलवा कर बाल विवाह नहीं करने का संकल्प दिलाया। सम्मेलन में समिति सदस्य हेमराज सुमन, पुरणमल सुमन, पप्पू मंडावरा, धन्नालाल टांक, महावीर टांक, ओम प्रकाश सुमन समाज के सदस्यों के साथ व्यवस्था में लगे रहे।



**58 युगल बने हमसफर:** हिण्डोली। ग्राम पंचायत सथूर शनिवार को माली सैनी समाज का विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ, जिसमें 58 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। सम्मेलन के मुख्य कार्यकारी सदस्य मुकेश कोटवाल ने बताया कि सभी नवयुगल जोड़ों को सम्मेलन मंच के माध्यम से वरमाला कार्यक्रम, कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम की शपथ, बेटी बचाओ बेटी पढाओ की शपथ, बेटा-बेटी एक समान की शपथ के साथ ही उनके नए दांपत्य जीवन की शुरुआत के लिए शपथ दिलाई गई। जिला माली विकास समिति के अध्यक्ष सीताराम सैनी मुख्य अतिथि रहे। ग्राम पंचायत सथूर सरपच सोनिया सैनी व सम्मेलन की समस्त कार्यकारिणी मंच पर मौजूद रहे। साथ ही समाज में शिक्षा के स्तर को बढ़ावा देने के लिए समाज बंधुओ से आग्रह किया।

**विवाह सम्मेलन की तैयारियां पूर्ण:** बूंदी। ग्राम माटुंदा में सामूहिक विवाह सम्मेलन की बैठक रविवार को सम्मेलन के अध्यक्ष मोडू लाल बैरवा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लिया गया। सभी प्रभारी एवं समितियों ने अपने- अपने जिम्मेदारियां को पूर्ण कर लिया है। सामूहिक विवाह सम्मेलन में आशीर्वाद एवं आमसभा में हरिमोहन शर्मा विधायक बूंदी मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता पूर्व मंत्री बाबूलाल वर्मा होंगे। कार्यक्रम 16 मई को प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण होगा व गणेश स्थापना होगी । वर वधु की निकासी 10 बजे से 11 बजे तक होगी। तोरण रस्म 11 बजे तथा 12 से 2 बजे तक पाणिग्रहण संस्कार संपन्न होंगे। आशीर्वाद समारोह एवं आम सभा 3 बजे से होगी। यह जानकारी समिति के महामंत्री बद्रीलाल बैरवा ने प्रेस विज्ञप्ति कर दी। बैठक में कालू लाल बैरवा. सत्यनारायण, भंवरलाल बैरवा, रामलाल बैरवा, महेंद्र कुमार बैरवा आदि उपस्थिति थे। जिला प्रवक्ता सुखदेव बैरवा ने यह जानकारी दी।

# सैनी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित: 25 जोड़े बने एक-दूसरे के हमसफर

जयपुर। चौमूं के रींगस रोड स्थित सैनी समाज सभा भवन में बुधवार को रामनवमी के अबूझ सावे पर सैनी समाज विकास समिति के नेतृत्व में 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। इसके पहले शहर के थाना मोड़ चौराहे के पास स्थित आदर्श विद्या मंदिर स्कूल से 25 जोड़ों की बारात सज-धज कर विवाह स्थल के लिए रवाना हुई और शहर के बस स्टैंड रींगस रोड होते हुए सैनी समाज सभा भवन विवाह स्थल में गाजे-बाजे के साथ बारात पहुंची। पुलिस थाने के बाहर चौमूं थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में पुष्प वर्षा से सामूहिक बारात का भव्य स्वागत किया गया।

इसके बाद बस स्टैंड स्थित फूल व्यापार मंडल की ओर से भी पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया गया। सभी बारातियों के लिए शीतल पेय और कोल्ड ड्रिंक पिलाने की व्यवस्था की गई। सैनी समाज विकास समिति अध्यक्ष घीसालाल सैनी ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर शहर के थाना मोड़ के पास स्थित आदर्श विद्या मंदिर में सुबह सवा 7 बजे सिंयाला कार्यक्रम हुआ। इसके बाद सवा 8 बजे निकासी होने के बाद बैंड-बाजों के साथ विवाह स्थल के लिए बारात रवाना हुई। सुबह साढ़े 8 बजे सैनी समाज सभा भवन में थाम पूजन हुआ और साढ़े 10 बजे बारात का स्वागत हुआ। सवा 11 बजे तोरण और वरमाला का कार्यक्रम हुआ। दोपहर सवा 12 बजे पाणिग्रहण संस्कार की रस्में अदा हुई। इस दौरान आयोजित सम्मेलन में दोपहर 1 बजे भामाशाहों का सम्मान हुआ। इसके बाद वर-वधू का आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष मदनलाल सतरावला, पूर्व अध्यक्ष दिनेश तिगरिया, पार्षद सायरमल तंवर, गैंदीलाल सैनी महारकलां, श्रवण सैनी, मदनलाल मालेरिया, प्रह्लाद अयोध्या, हीरालाल पाच्यां, छीतरमल बबेरवाल, पूर्व चेयरमैन गोविंद नारायण सैनी, पूर्व चेयरमैन नानूराम सैनी, सुरेश तंवर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।





# महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा को शॉल और माल्यार्पण व पुष्पांजलि के साथ 501 दीपों का दीपदान

मां सावित्रीबाई फूले मातृशक्ति कल्याण संस्थान रजि. अजमेर के अध्यक्ष सीमा चौहान ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फूले सर्किल पर महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा को शॉल और माल्यार्पण व पुष्पांजलि के साथ 501 दीपों का दीपदान संस्थान की मातृशक्ति के द्वारा किया गया साथ ही शाम को 4:00 लोहागल स्थित अपना घर वृद्ध आश्रम जहां लगभग 150 वृद्ध जन निवास कर रहे हैं उनको रोजमर्रा में काम में आने वाली जरूरत के सामान जैसे फर्स्ट एड बॉक्स, नहाने व कपड़े धोने के साबुन, सर्फ, एक्सल, शैंपू, तेल, कंघा, बॉडी लोशन, क्रीम, एलोवेरा जेल, ओलिव ऑयल, सैनिटाइजर, नीम साबुन, नहाने का मगा, टूथपेस्ट,

# भाजपा ने मनाया महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह,

## यूपी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मांगे अर्जुनराम के लिये वोट



बीकानेर। महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाई गई। संस्था के अध्यक्ष गोपाल गहलोत की अध्यक्षता में माणक गेस्ट हाउस में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह मनाया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तरप्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने संबोधन में कहा मुझे विश्वास है राजस्थान में एक बार फिर 25 सीट आप जीतेंगे और हम भी उत्तरप्रदेश में 80 सीट जीत रहे है 4 जून हम 400 पार करेंगे अर्जुनराम मेघवाल के समर्थन में कहा अभी बार अर्जुनराम मेघवाल को 5 लाख पार होंगे हर बूथ पर 370 वोट आपको हर बूथ पर बढ़ाने है आपने वोट कमल को दिया 370 को हटाया दूसरी बार अपने कमल का बटन दबाया तभी आज भव्य राम मंदिर बना है इस बार मोदी की आंधी नहीं सुनामी चल रही है राहुल गांधी से सवाल है आज वो बीकानेर से भ्रष्टाचार की बात करते है जिसमें पिता संसद में बोलते है हमारी सरकार 1 रूपया भेजती है और 15 पैसे पहुंचते है हमने 34 लाख करोड़ रुपया बैंक के खाते में भेजा और पूरा पैसा आपकी जेब में गया। 10 साल तो ट्रेलर था असली पिक्चर तो 4 जून को दिखाई जाएगी, भ्रष्टाचार करने वालो को बक्शा नही जाएगा, आजादी के बाद 50 साल में भारत विकसित हो जाना चाइए था पर इंडी गठबंधन भ्रष्टाचार में डूबी थी। मेरा भारत वो भारत है जिसके प्रधानमंत्री के पीछे जी 20 में पूरा देश चला है अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नही होते तो रूस और यूक्रेन युद्ध नही रुकता हमारे बच्चे भारत नही आते है। विश्वास करो तुम मोदी पर ऐसा नेता हर युग में नही आता है। आपके लिए गर्व की बात है नारी वंदन अभिनंदन बील संसद में आपके सांसद अर्जुनराम मेघवाल ने पेश किया।

इस अवसर पर बीकानेर लोकसभा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में ज्योतिबा फुले और सावित्रिबाई फुले का अहम रोल रहा है ज्योतिबा फुले ने सावित्रिबाई फुले से कहा एक विधवा महिला का पति एक्सीडेंट में चला गया उसकी हम सेफ डिलेवरी करवाएंगे उन्होंने अपने घर में नर्सिंग होम खोला, जननी सुरक्षा योजना का कोई जनक है तो वो साकी बाई है। भीमराव अंबेडकर ने ज्योतिबा फुले




को अपना गुरु बनाया महात्मा फुले को भारत रत्न मिले ये हमारा सब्जेक्ट है ये विषय समिति के पास पेंडिंग है हम इसको पूरा करवाएंगे कांग्रेस समाज तोड़ती हैं और भाजपा समाज को जोड़ती है।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, केबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार अविनाश गहलोत, भाजपा राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर, विधायक सिद्धि कुमारी, जेठानंद व्यास, महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित, उपमहापौर राजेंद्र पंवार, पूर्व आईएएस ओपी सैनी, मुमताज अली भाटी, सत्यप्रकाश आचार्य, संरक्षक शशिकांत शर्मा,संयोजक बाबूलाल गहलोत, संत सरजुदास महाराज,डॉ. अंजुबाला ने भी संबोधित कर अपने विचार रखो। अध्यक्ष गोपाल गहलोत ने महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री फुले को भारत रत्न देने की मांग रखी। आज के कार्यक्रम में चंपालाल गेदर, आरके सुधार, नारायण चोपड़ा, आनंद सिंह भाटी, श्यामसुंदर चौधरी, राजेंद्र पंवार, ओम रामावत, दिलीप गहलोत, पाबूदान सिंह राठैड़, दिलीप पूरी, कुलदीप यादव, मनोज विश्नोई, सुखराम दावा, राजाराम सीगड़, दिलीप चौधरी, मनीष सोनी, सोहन चांवरिया, नरेश नायक मोतीलाल हर्ष, जगन्नाथ योगी, देवेंद्र टाक, कमल गहलोत, ललित भान, पंकज गहलोत, सांगीलाल गहलोत, निर्मल गहलोत, हिमांशु टाक, नंदू गहलोत, इंद्रा व्यास, मुरली पंवार, मुकेश पंवार, चंद्रप्रकाश गहलोत, शिव गहलोत, प्रेम गहलोत, अजय सांखला, कुलदीप तंवर, कैलाश गहलोत, मुकेश आचार्य, सुरेंद्र सिंह शेखावत, अशोक भाटी, मोहन सुराणा, उपासना जैन, प्रीति, चांडक, सुमन छाजेड़, राजश्रे कछावा, नारायण चोपड़ा, हुकमाराम सोनी, किशन चौधरी, गोपाल अग्रवाल, भगवान कच्छवा के साथ उपस्थित रहे ।




ब्रश, गुड नाइट रेकेट होल्डर कछुआ छाप अगरबत्ती, शक्कर (चीनी), दावत बासमती चावल, चाय के कप, स्टील के गिलास, नैपकिन, टोवल, आदि व फल फ्रूट का वितरण किया गया।

जे एल एन हॉस्पिटल मे बालक बालिकाओं महिलाओं वह नशा मुक्ति वार्ड में जाकर मातृशक्ति संस्थान की महिला सदस्यों द्वारा फल फ्रूट का वितरण किया गया।

दयानंद के बाल अनाथालय में फल फ्रूट का वितरण 11 अप्रैल ज्योतिबा फूले जयंती की सुबह बांटे और महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती को हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया है पूर्व संध्या के इस कार्यक्रम में माली समाज की लगभग सभी संस्थाओं के लोग कई गण मन प्रतिष्ठित व्यक्ति भामाशाह के साथ-साथ महिला संस्थाओं की महिलाएं ज्योतिबा फुले सर्किल पर आई और कार्यक्रम को सफल बनाया जिसमें संस्थान की 'महासचिव श्रीमती नीरु सोलंकी, श्रीमती शालू चौहान श्रीमती ममता चौहान श्रीमती रीमा चौहान श्रीमती लवीना चौहान श्रीमती पिंकी भाटी, श्रीमती कृष्णा टांक, श्रीमती संतोष मोर्य, श्रीमती सुनीता चौहान श्रीमती बबीता चौहान श्रीमती किरण गढ़वाल श्रीमती चंचल गढ़वाल श्रीमती संतोष संतोष जादम श्रीमती विजयलक्ष्मी सिसोदिया श्रीमती बबीता जी टाक श्रीमती रंजना उबाना श्रीमती इंदिरा जी तुनवाल श्रीमती सरोज कच्छावा कुमारी सुहावनी जादम ज्योति जादम श्रीमती मीनू तंवर आदि कई मातृशक्ति उपस्थित रही। कार्यक्रम संयोजक- वरिष्ठ पत्रकार श्री महावीर सिंह चौहान, श्री उपेंद्र सिंह चौहान, श्री कन्हैया लाल जी भाटी, श्री भानु प्रताप कच्छावा , श्री संदीप तंवर, श्री विपिन जी सोलंकी, श्री हिमांशु जी चौहान, श्री पवन जादम।

# घर से कालेज के लिए निकली छात्रा दिव्या देवड़ा का शव पाली में मिला



जोधपुर। जोधपुर जिले के ओसियां तहसील के तिंवरी की बिटिया को न्याय दिलाने हेतु पाली पुलिस अधीक्षक ऑफिस जाकर ज्ञापन देने और न्याय जल्द से जल्द दिलाने की मांग करने में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने वाले सभी बड़े बुर्जुग वीर याद्धोओं का माली समाज ने आभार माना तथा धन्यवाद ज्ञापित किया। जो काम को छोड़ कर नही चल पाये उनका भी धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही जो घर बैठे। 9 अप्रैल को परिवार को ज्ञात हुआ और यह खबर आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गइ। 10 अप्रैल को राम रसोड़ा तिंवरी में माली समाज के बंधुओ ने एकत्रित होकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी के साथ ही न्याय दिलाने की मांग की। 11 अप्रैल को समाज के प्रतिनिधियो ने रोहिट थाने में जाकर बहुत सारी जानकारीयां जुटाई तथा 12 अप्रैल को परिवार को जब रोहिट थाना बुलाया गया और कुछ जानकारी और डाउट्स पुलिस वालो से ली और बेटी को न्याय दिलाने की मांग की तो पुलिस भी कुछ कर नहीं पाई और तब तक पुलिस ने एफआईआर भी रजिस्टर्ड नहीं की। तब नाराज होकर समाज और सीनीय जनों ने 13 अप्रैल को तिंवरी बंद और विशाल धरने का ऐलान किया और 14 अप्रैल को तिंवरी में विशाल धरना प्रदर्शन किया गया और तिंवरी को बंद किया गया था तब पुलिस वालो की नींद उड़ी और एफआईआर दर्ज की गई। सामाजिक जनों ने बताया की एफआईआर होने के बाद भी पुलिस प्रशासन जुमले देती रही और अपना टाइम पास करती रही और आगे की कार्यवाही मे लापरवाही बरती गई साथ ही लोकेशन कॉल डिटेल और आरोपी से पूछताछ के विषय में कुछ भी संतोष प्रद जवाब देने में पुलिस असफल रही है। इसी बीच समाज के जन प्रतिनिधि और अधिकारी राजनेताओं और समाज के उच्च अधिकारीयों के द्वारा पुलिस पर दबाव बनाते रहे लेकीन पुलिस वालो ने फिर भी संतोष प्रद कार्यवाही नही की । लेकीन कॉल डिटेल के माध्यम से और लोकेशन के माध्यम से पुलिस को आरोपी को रिमांड पे लेना था पर पुलिस यह भी अब तक नहीं कर पाई। आगे इस मामले में पुलिस अधीक्षक से मुलाकात पर उन्होंने आश्वस्त किया की चुनाव के बाद कार्यवाही करेगें और दोषी को सजा दिलाने में पोलिस प्रशासन कोई कसर नहीं छोड़ेगा । दूसरे दिन पुन: पाली जाकर एसपी चुन्नीलाल चौधरी से शीघ्र कार्यवाही करने का निवेदन किया तो वो केस को सीआई से चेंज करके डीवाईएसपी रत्न देवासी को सौंपा गया और अपनी साइबर टीम को साथ लेकर जल्दी से जल्दी आरोपी को जेल में डालने और कानूनी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया ।

# नंद लाल सैनी (श्रीहरि मार्बल) बने किशनगढ माली समाज के अध्यक्ष



मदनगंज, किशनगढ़। महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षण एवं विकास संस्थान किशनगढ़ के अध्यक्ष पद हेतु चुनाव संपादित हुए जिसमें नंदलाल सैनी (श्री हरि मार्बल किशनगढ़) को किशनगढ़ विधानसभा क्षेत्र माली सैनी समाज संस्थान महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षण एवं विकास का अध्यक्ष चुना गया अध्यक्ष कानाराम उबना की अध्यक्षता में यह चुनाव संपादित हुए जिसमें चुनाव समिति का गठन कर चुनाव संपादित कराए गए।

चुनाव समिति में प्रभारी छीतर मल पूर्व पार्षद नगर परिषद किशनगढ़ , जसराज दगदी शिक्षाविद, प्रेरणा प्रोग्रेसिव सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल गांधीनगर किशनगढ़, तेजाराम टाक नलू समन्वयक, मंथन संस्थान कोटडी रामसुख शिक्षाविद प्रधानाध्यापक, राजकीय माध्यमिक शाला काटोदा एवं तुलसीराम अजमेर चुनाव समिति में थे किशनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लगभग 20 गांव मदनगंज किशनगढ़ व बजरंग कश्वलोनी गांधीनगर नया शहर पुराना शहर शिवाजी नगर से लगभग 200 समाज बंधु इस चुनाव में भागीदार बने शुरुआत में घीसालाल भाटी, हनुमान प्रसाद सैनी, विष्णु गढ़वाल ने अध्यक्ष पद के लिए आवेदन हेतु अपील की परंतु फिर आखिर में आम सहमति बनपते बनाते हुए नंदलाल सैनी ( श्रीहरि मार्बल ) को संपूर्ण किशनगढ़ तहसील क्षेत्र का व महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षण एवं विकास संस्थान का का अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया निर्वाचन की घोषणा चुनाव प्रभारी तेजाराम टांक द्वारा की गई जिसका सभी ने सर्व समिति से अनुमोदन समर्थन किया और इसके साथी नंदलाल सैनी महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षण विकास संस्थान की अध्यक्ष पद पर आसीन हुए।

इस मौके पर तिलोनिया नलू बंदरसिंदरी छोटनारायण रूपनगढ़ काटोदा रलावता सुरसुरा कुचिल सिराणा मालियों की बड़ी, सिलोरा उदयपुर, अराई, दादिया, अकोड़ीया सावत कर दादिया दीघारिया गोठीयाना बोरदा आदि गांव के समाज बंधु चुनाव कार्यक्रम में शामिल हुए।

पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक छोटू लाल सांखला तिलोनिया ने चुनाव कार्यक्रम का संचालन किया। साथ में फतेहलाल सैनी ने समय-समय पर सहयोग किया निर्वाचित अध्यक्ष नंदलाल सैनी ने समाज बंधुओ से अपील की कि मैं नहीं आप सब किशनगढ़ समाज के अध्यक्ष है और मुझे जो मौका दिया इसको मैं ईमानदारी व पुरी निष्ठा के साथ समाज को आगे बढ़ाने में अपना पूरा योगदान दूंगा।

मौके पर सैनी विकास समिति के अध्यक्ष एडवोकेट पदमराज सैनी श्री फूलमालियान शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष जयराम मालाकार महात्मा ज्योतिबा फुले समिति बजरं कॉलोनी अध्यक्ष नवरतमल मालाकार सुरसुरा समाज अध्यक्ष सांवरलाल महावर अराई रामकिशन कुवल हरिराम जादम जुगल किशोर कुवल बंदरसिंदरी समाज के बाबूलाल तूनगरिया रलावता से भंवरलाल विश्राम, ऊबाना नलू से किशनला डारीवाल पूर्व सरपंच आदि लोग मौजूद थे।

माली सैनी सन्देश परिवार नवनिर्वाचित अध्यक्ष नन्दलाल सैनी को हार्दिक बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त करता है कि आपके नेतृत्व में समाज का सर्वागीण विकास होगा और आप सभी वर्गो को साथ लेकर समाज में व्याप्त कुरूतियों को दुर करेगें।

# सैनी समाज के लाडले ने जीतें डेढ़ करोड़ रूपए क्वीज प्रतियोगिता में बने सुभाष सैनी विजेता


लक्ष्मनगढ । यहां सिकरीबंद शिवालय के सामने वार्ड 36 निवासी रामनाथ भाटी सैनी के सुपुत्र सुभाष सैनी डेढ़ करोड़ रूपए के विजेता बने हैं । इतनी बड़ी राशि के संभवतः लक्ष्मनगढ के पहले शख्स है जिन्हें विजेता के रुप में एक मुश्त राशि मिलेगी । हालांकि यह राशि टैक्स कटौती के बाद करीब एक करोड़ से अधिक की राशि मिलेगी। उल्लेखनीय है कि सुभाष ने ड्रीम इलेवन स्पोर्ट्स एप के माध्यम से क्रिकेट पर आधारित क्वीज में हिस्सा लेकर ड्रीम इलेवन टीम का चयन



किया था। ड्रीम इलेवन टीम का मिलान वास्तविक टीम से होने पर रविवार को घोषित परिणाम में सुभाष डेढ करोड रूपए के साथ विजेता के खिताब से नवाजे गए। साथ ही बतौर विजेता प्रतिभागी के रूप में थार गाडी भी मिलेगी। अनुसार साधारण परिवार में जन्मे सुभाष प्राइवेट नौकरी करते हैं। विजेता बनने पर लक्ष्मनगढ पत्रकार संघ के अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, सचिव प्रभाष नारनोलिया, सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश पारीक सहित प्रबद्ध जनों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है ।

# 37 साल की उम्र में लिखी 17 किताबें, लेखक दिनेश्वर माली ने राजस्थान का गौरव बढ़ाया

श्री गंगानगर। मुंबई में रहने वाले लेखक, वक्ता, पत्रकार, मंच संचालक दिनेश्वर माली मात्र 37 साल की उम्र में अब तक 17 किताबें लिख चुके हैं। 2007 में पहली किताब धारा राजस्थानरू रू प्रकाशित हुई। अभी 2024 में बाहर संसारी – भीतर संन्यासी का प्रकाशन राजमंगल प्रकाशन अलीगढ़ ने किया है। लेखक राजस्थान में सिरोही जिले में बसे रोहिड़ा गांव के मूल निवासी हैं। उन्होंने राजस्थानी कलाकार एड्रेस डायरेक्टरी, माली समाज डायरी, रू राजस्थान के कवि, मारवाड़ी भजन संग्रह जैसी पुस्तकों का प्रकाशन भी किया है। श्री माली खबरें गौरव के प्रधान सम्पादक और प्रकाशक भी हैं। इनकी किताबें अमेजश्चन और फ्लिपकार्ट पर अश्चन लाईन उपलब्ध रू हैं । गीतकार के रूप में दिनेश्वर माली अब तक कई वीडियो एवं अश्चडियो म्यूजिक एलबमों के गाने भी लिख चुके हैं। देश के कई बड़े सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक कार्यक्रमों का मंच संचालन भी करते रहे हैं। दिनेश्वर माली युवाओं, छात्रों एवं समाज के लोगों के लिए जीवन दर्शन यात्रा में चिंतन शिविर का आयोजन भी करते रहते हैं, जिसमें वे



वाणी और विचारों से लोगों को जागरूक और प्रेरित करते हैं। श्री माली के यूट्यूब पर चलने वाले वीडियो भी खूब प्रसि) हैं। इन्होंने राजस्थान की पहली राजस्थानी कलाकार एड्रेस डायरेक्टरी का प्रकाशन करने का गौरव हासिल किया है। मारवाड़ी समाज के युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए बाल सभा, बाल संस्कार शिविर, कैरियर गाइडेंस सेमिनार, बिजनेस मोटिवेशन सेमिनार जैसे कई कार्य माली करते रहे हैं। कवि दिनेश्वर माली पिछले कई साल से हर दिवाली गरीब आदिवासी वनवासी बच्चों की सेवा भी करते हैं जिसमें वे उनको मिठाई, कश्चपी, किताबें, बश्चलपेन, नये ड्रेस का वितरण भी करते हैं। समाज के गरीब लोगों की सेवा के लिए सेवा प्रेरणा जागरूकता अभियान के तहत वे समाज को आगे बढ़ाने के लिए कोशिश करते रहे हैं। मुंबई में वे एक वक्ता, चिंतक, विचारक के रूप में अलग पहचान रखते हैं। एक सर्वसाधारण सामान्य किसान परिवार में जन्मे दिनेश्वर माली ने मुंबई शहर में बहुत कम उम्र में राजस्थान का गौरव बढ़ाया है।

## सामूहिक विवाह सम्मेलनः बांसी में माली समाज के 50 वर-वधु परिणय सूत्र में बंधे

# सम्मेलन में वर-वधुओं को बेटी बचाने की शपथ दिलाई

बांसी। कस्बे में अष्टम माली समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन हुआ। इस विवाह सम्मेलन में आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया गया। स्टेज पर वरमाला कार्यक्रम, ड्रोन से पुष्पवर्षा, आतिशबाजी, ट्रस्ट लेजर लाइट, क्रेन कैमरे से बड़ी स्क्रीन पर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। इस सम्मेलन में 50 वर-वधुओं ने फेरे लेकर नए जीवन का आगाज किया।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी रहे। उन्होंने कहा कि समाज को विकसित होने के लिए शिक्षा के और नवाचार करने होंगे और सामाजिक समरसता का भी विकास करना होगा, ताकि युवा नए परिवेश में आगे बढ़ सकें



और अनुशासन के साथ सामाजिक हित में कार्य करें। उन्होंने सभी वर-वधु को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कन्या भ्रूण हत्या नहीं करने और बेटा-बेटी एक समान होने की शपथ दिलवाई।

**सम्मेलन में इनकी भागीदारी रहीः** सम्मेलन को सफल बनाने में माली विकास समिति के जिला महामंत्री सत्यनारायण सैनी, डश्च. भवानीलाल सैनी, दुर्गालाल बडेरा सहित अन्य भामाशाहों का विशेष सहयोग रहा। कार्यकर्ता राजाराम सैनी, रामस्वरूप सैनी, फोरु मोदी, हेमराज सैनी, भोलाशंकर सैनी, रमेश सैनी, दशरथ सैनी, गणेश सैनी, दिनेश सैनी, प्रेमशंकर सैनी, हनुमान सैनी, भोलाशंकर सैनी, राजेंद्र सैनी, महेंद्र सैनी, सत्यनारायण सैनी, महावीर बडेरा, लेखराज रूवाला, रामलाल रुवाला, सीताराम सैनी, रमेश शामिल रहे।

**सम्मेलन में यह अतिथि रहेः** विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष माली विकास समिति सीताराम सैनी, अतिथि नैनवां प्रधान पदम नागर, लोकेश सैनी, महेंद्र गहलोत, हेमंत सुमन, सरपंच संघ तहसील अध्यक्ष सत्यप्रकाश शर्मा, सत्यनारायण माहेश्वरी, मनोज शर्मा, सम्मेलन के अध्यक्ष दुर्गालाल हिंडोलिया, उपाध्यक्ष सीताराम रुवाला, सचिव किशनलाल हिंडोलिया, उप सचिव भोलाशंकर सैनी, कोषाध्यक्ष श्योजीलाल सैनी रहे। संचालन पवन सैनी व नरेश कोटवाल ने किया।

# नैनसुख की बगिया में माली समाज के 69 जोड़ों का विवाह

टोंक। आखातीज के अबूझ मुहूर्त पर शुक्रवार को जिलेभर कई जगहों पर सामूहिक विवाह सम्मेलनों का आयोजन हुआ। सदर माली (सैनी) समाज के तत्वावधान में नैनसुख की बगिया में सम्पन्न हुए 27वें आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में जिलेभर के 69 जोड़े हमसफर बने, जिनका विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पाणिग्रहण संस्कार करवाया। इसके बाद समाज के प्रबुद्ध नागरिकों व सम्मेलन व समाज के पदाधिकारियों ने नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया। सम्मेलन अध्यक्ष कालू बागड़ी ने बताया कि 27वां विवाह सम्मेलन में समाज के विवाह योग्य 69 जोड़ों को विवाह सम्पन्न करवाया गया। भजन गायक रामकुमार मालूणी, हेमराज सैनी, प्रकाश माली मेहंदवास, सरवन सेंदरी, कमलेश सैनी आदि कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां से रंग जमाया। वही शुक्रवार को सुबह से ही सम्मेलन स्थल पर मेले जैसे माहौल रहा। दोपहर एक बजे तोरण की रस्म के बाद पाणिग्रहण व फैरों की विधि शुरू हुई और दोपहर 2: 30 बजे तक फैरों की रस्मों खत्म होने के बाद अन्य विधियों के साथ सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ।

# माली समाज के 4 जगह हुए सम्मेलन जाखोड़ा में माली समाज के सम्मेलन में पौधे भेंट



कोटा। समाजसेवी डॉ. दुर्गाशंकर सैनी ने बताया कि माली समाज के सामूहिक सम्मेलन विवाह में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई। साथ ही तुलसी का पौधा भेंट किया। ओमप्रकाश सुमन ने बताया कि गिरधरपुरा में कुंवारी सती माताजी के सानिध्य में फूल माली समाज के 101 जोड़ो का विवाह हुआ । आयोजक टीम धन्नालाल, पप्पूलाल सुमन, ओमप्रकाश सुमन, रामप्रकाश सुमन, बिरधी लाल, रमेश सुमन, मनीष सुमन रहे। अरंडखेड़ा में फूल माली समाज का विवाह सम्मेलन हुआ। अध्यक्ष प्रभुलाल सुमन ने बताया कि 16 जोड़ों के विवाह सम्मेलन में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई। एक एक तुलसी का पौधा नव दंपती को दिया। मुख्य आयोजक प्रभुलाल सैनी, सुदामा सुमन, सत्यनारायण सुमन, रामकल्याण वर्मा, देबराज सुमन, विक्रम सुमन, कुलदीप रहे। फूल माली सैनी विकास समिति का 11 जोड़ों का विवाह सम्मेलन जाखोड़ा में हुआ। वहीं इसी गांव में माली समाज एक ओर विवाह सम्मेलन हुआ। अध्यक्ष प्रदीप सुमन ने बताया कि 15 जोड़ों का सामूहिक विवाह हुआ।

## सैनी समाज के तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में 12 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

# प्रोत्साहन के लिए प्रत्येक जोड़ी को दी 1-1 स्कूटी, पर्यावरण जागरूकता का संदेश देने के लिए प्रत्येक जोड़े को प्रदान किया एक-एक फलदार पौधे

शाहपुरा। त्रिवेणी धाम स्थित सैनी समाज की धर्मशाला में अक्षय तृतीया शुक्रवार को जय फूले माली विकास जन सेवा समिति के तत्वावधान में तृतीय आदर्श माली सैनी सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में 12 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। प्रोत्साहन के लिए समिति की ओर से प्रत्येक जोड़े को बिना पेट्रोल की एक-एक स्कूटी व पर्यावरण जागरूकता का संदेश देने के लिए एक-एक पौधा भी भेंट किया गया। अध्यक्ष साधुराम सैनी व सचिव एडवोकेट मुकेश कुमार सैनी ने बताया कि सुबह त्रिवेणी धाम ठाकुर जी के मंदिर व गणेश मंदिर में पूजा अर्चना करने के पश्चात विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सुबह 8:15 बजे यादव धर्मशाला त्रिवेणी धाम में सियाला का कार्यक्रम हुआ। सुबह 10 बजे वर वधुओं की बारातें निकली। जिनका समिति पदाधिकारियों व समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बाराती भी बैंड बाजे की धुन पर थिरकते नजर आए। पंडित द्वारा सुबह 11बजे विवाह की पद्धित शुरू की गई। 1 बजे रीति रिवाज से सभी 12 जोडे शादी के पवित्र बंधन में बंधे। अतिथियों सम्मुख स्टेज पर वरमाला कार्यक्रम आयोजित हुआ।

जिसमें वर वधुओं ने एक के दूसरे को वरमाला पहनाई और वैदिक मंच्चोचारण के साथ परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम में पधारे त्रिवेणी धाम के संत रामरिछपाल दास महाराज, बनारसी दास जी महाराज, खोरी परमानंद धाम के हरिओम दास महाराज तथा भाजपा नेता जगदीप धनखड़, डॉक्टर विकास यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती बाबा फूले, देश महामंत्री में नाथूराम सोलंकी, फुले बिग्रेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सैनी, पूर्व प्रधान मंजू सैनी, भाजपा किसान मोर्चा के गुड्डू सैनी आदि जनप्रतिनिधियों ने भी पांडाल में पहुंचकर वर वधुओं को आशीर्वाद दिया। अतिथियों का सम्मेलन के अध्यक्ष साधुराम सैनी, पूर्व पालिका अध्यक्ष बद्री प्रसाद सैनी, सचिव मुकेश कुमार सैनी, राम नारायण सैनी, माधोलाल सैनी, महेश कुमार सैनी, श्री राम माली, ईश्वर लाल सैनी, मुख्य संयोजक नाथू लाल सैनी, गणेश राम सैनी, रामप्रताप



सैनी, सीएम सैनी, हनुमान सैनी आदि ने स्वागत किया। समिति के सदस्यों व समाज बंधुओ ने बारातियों की खातेदारी में कोई कमी नहीं छोड़ी। कार्यक्रम के दौरान सैनी धर्मशाला व शादी का पांडाल, मुख्य गेट को खूबसूरत तरीके से सजाया गया। यहां तक की दुल्हनों को भी सजाने के लिए ब्यूटी पार्लरों की व्यवस्था की गई।

समिति द्वारा नाश्ता व भोजन प्रसादी की भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में समिति द्वारा प्रत्येक जोड़ों को कन्यादान के रूप में पहली बार प्रोत्साहन स्वरूप एक-एक बिना पेट्रोल की स्कूटी, कूलर, पंखे, सिलाई मशीन सहित कई उपहार दिए गए। वही विदाई के समय पर्यावरण जागरूकता का संदेश देने के लिए एक-एक छायादार व फलदार पौधे भी भेंट किए गए। पूरे प्रदेश में अलग प्रोत्साहन के तौर पर बिना पेट्रोल की प्रत्येक जोडे को स्कूटी व सामाजिक व पर्यावरण जागरूकता का अलग संदेश देने वाले इस सामूहिक विवाह सम्मेलन के बड़ी संख्या में लोग साक्षी बने। लोगों ने भी सम्मेलन में अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान स्वरूप उपहार और नगद कन्यादान राशि भी दी। शादी में पहुंचने वाले लोगों ने सभी व्यवस्थाओं व सुविधाओं को लेकर कार्यक्रम की काफी सराहना की वहीं दूल्हा दुल्हन भी शादी से काफी खुश नजर आए। विवाह संपन्न होने के बाद नव विवाहित जोड़ों ने त्रिवेणी धाम ठाकुर जी की परिक्रमा कर भगवान का आशीर्वाद लिया।

## सैनी फ्लोरेंस नाइटेंगल अवार्ड से राज्य स्तर पर होंगे सम्मानित



अजमेर। राजस्थान नर्सिंग काउंसिल जयपुर में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस समारोह में भवजीत सैनी को अपने विभाग में उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य स्तर पर फ्लोरेंस नाइटेंगल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। सैनी को इससे पहले 15 अगस्त 2023 को जिला स्तर अजमेर पर भी सम्मानित किया जा चुका है। सैनी भरतपुर जिले के गांव पथैना के रहने वाले हैं और लगातार 10 वर्षो से जेएलएन में कार्यरत हैं। वर्तमान में पीएसएम विभाग में काम कर रहे हैं। पीएसएम विभाग में खुशी के लहर है। सैनी ने पीएसएम एचओडी डॉ. रेनू बेदी और कश्वलेज प्राचार्य का आभार जताया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य सचिव मेडिकल एंड हेल्थ गवर्नमेंट ऑफ राजस्थान शुभ्रा सिंह, ज्वॉइंट सेक्रेट्री मेडिकल ग्रुप थर्ड प्रीति माथुर, अतिरिक्त निदेशक प्रशासन अराजपत्रित राकेश शर्मा, डायरेक्टर पब्लिक हेल्थ डॉक्टर रविप्रकाश माथुर और राजस्थान नर्सिंग काउंसिल की रजिस्ट्रार मिस भारती मौजूद रहेंगी आदि के द्वारा ये सम्मान दिया जाएगा सम्पूर्ण राजस्थान में 57 लोगों को सम्मानित किया जाएगा।




## सथूर में माली सैनी समाज का पांचवां सम्मेलन

## जिसमें वर-वधुओं को घर जैसा वातावरण दिया गया माली समाज के 58 जोड़े हमसफर बने

बसोली। ग्राम पंचायत सथूर में माली सैनी समाज का पांचवां हाड़ौती माली सैनी समाज सम्मेलन हुआ। यह सम्मेलन माली समाज में एक अनूठी मिसाल और नवाचार देकर गया। सम्मेलन के मुख्य कार्यकारी सदस्य मुकेश कोटवाल ने बताया रकि सम्मेलन में 58 जोड़े हमसफर बने। इसके पहले सभी नवयुगल जोड़ों को सम्मेलन परिसर में घर र जैसा वातावरण दिया गया। सभी जोड़ों को घर की शादी की तरह मंच के माध्यम से वरमाला  कार्यक्रम, रोकथाम, कन्या कन्या भ्रूण हत्या बेटी बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, बेटा-बेटी एक समान व नए दांपत्य जीवन की शुरूआत के लिए शपथ दिलाई गई।



जिला माली विकास समिति व भाजपा जिला उपाध्यक्ष सीताराम सैनी मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथि विकास अधिकारी फूंदीलाल सैनी, जगदीश सैनी पीटीआई, जिला माली विकास समिति महामंत्री सत्यनारायण सैनी, भवानीशंकर सैनी बांसी, पूर्व सरपंच अमरत्या श्योजीलाल सैनी मंच पर रहे।

**सम्मेलन में इनकी भागीदारी रही:** पूर्व भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बसोली नरेश कोटवाल, रामकिशन सैनी, दुर्गालाल सैनी, दशरथ सैनी अजमेर, बंटी सैनी, एडवोकेट ;तुराज सैनी बूंदी, राजू बलोपिया, योगेश सैनी, सथूर सरपंच सोनिया सैनी की भागीदारी रही।

**अतिथियों का इन्होंने किया स्वागत:** सम्मेलन समिति ने अतिथियों का महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्रीबाई फुले का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत सत्कार किया। महामंत्री मुकेश कोटवाल, सम्मेलन अध्यक्ष जगदीश अजमेरा, कोषाध्यक्ष हेमराज अजमेरा, बालू अजमेरा, धनराज सैनी, रामपाल सैनी, भवरलाल सैनी, रामदेव सैनी, रामलक्ष्मण सैनी, संजय सैनी शामिल रहे।

## आखातीज के अवसर पर 303 जोड़ो का हुआ सामुहिक विवाह

दिनाँक 10 मई 2024 शुक्रवार आखातीज के अबूझ सावे के उपलक्ष पर राजस्थान में माली सैनी समाज के वैवाहिक समिति के पदाधिकारियों और समाज सेवियों द्वारा निम्न जिलों में वैवाहिक सम्मेलन आयोजित किए गए हैं।

**कोटा जिले में**

01 गिरधर पूरा में 101 जोड़े
02 अरंडखेड़ा में 16 जोड़े
03 जाखोड़ा में 15 जोड़े
04 हिंडौन सिटी ने 38 जोड़े
05 कोटपुतली में 13 जोड़े





**भीलवाड़ा जिले में**

06 पिपलिया मण्डी में 21 जोड़े
07 टोंक में 99 जोड़ों का सामूहिक विवाह

कुल -- 303 जोड़ो का 7 जगहों पर विवाह सम्मेलन आयोजित गया है। सभी नव विवाहित युगलों को मंगलमयी शुभकामनाएं। और आयोजकों सामाजिक संस्थाओं के साथ भामाशाहों का बारंबार आभार अभिनंदन।


# माली सैनी सन्देश










**ही क्यों ? क्योंकि, हमारे पास है सेकड़ों एन.आर. आई. सहित 5 हजार पाठकों का विशाल परिवार**

## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

दिनांक ____________

### सदस्यता फॉर्म

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामिण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियों आपको विगत 15 वर्षो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गो में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जा रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब–साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई–पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है।

हमारी वेबसाईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। आप हमें पे–टी.एम. से मोबाईल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज पत्रिका प्राप्त कर सकते है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

नाम/संस्था का नाम ____________________

पता ____________________

फोन/मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ____________ पोस्ट ____________ तहसील ____________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि (रूपये) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ (डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें)

**अतः मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।**

दिनांक ____________ हस्ताक्षर

होटल सिटी पैलेस के पीछे, नई सड़क, जोधपुर – 01 मो. 77379 54550 ( रजि. कार्यालय )

Mobile : 94144 75464 Visit us at : www.malisainisandesh.com
www.malisaini.org. E-mail :malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

**हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।**

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे
देश ही नहीं विदेशों में भी

### RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 10,000/- |
| Inside Cover | 5,000/- |

INNER COLOR

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

Cell : 94144 75464

log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

**रजि. कार्यालय : होटल सिटी पैलेस के पीछे, नई सड़क, जोधपुर – 01 मो. 77379 54550 ( कार्यालय )**


## शोक संदेश



क्रांति ज्योति माता सावित्री बाई महात्मा ज्योतिबा फूले की चौथी वंशज श्रीमती जीजाबाई रघुनाथ नेवसे का 105वर्ष की आयु में हुआ निधन। हम सभी दिवंगत पुण्य आत्मा की शांति प्रार्थना करते हुए। परिजनों को यह असीम वज्रपात सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करते हैं।

**शत शत नमन विनम्र श्रद्धांजलि**

## शोक संदेश



अपना सम्पूर्ण जीवन गौ माता की सेवा में समर्पित करने वाले महान व्यक्तित्व के धनी सभी के प्रिय परम आदरणीय सेठ सालगराम टाक के आकस्मिक निधन पर हम सभी ईश्वर से उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करने की प्रार्थना करते हैं।

आपने अपना सम्पूर्ण जीवन गौ सेवा में लगाया। आप प्रतिदिन मण्ड़ोर स्थित ब्रहमचारी रामकुमार पन्नालाल गौशाला में 40 वर्षो से अपने मृदु व्यवहार एवं प्रशासनिक कौशल से गौशाला के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। **शत शत नमन। ऊँ शांति ऊँ शांति**

## शोक संदेश



दबंग समाजसेवी, स्वतंत्रता सेनानी जयराम माली का हुआ निधन।

सभी वर्गो को साथ लेकर चलने वाले समाज गौरव जयराम माली के निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। जयराम का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है जिसे पूरा कर पाना संभव नहीं है, और उनकी कमी हमेशा खलेगी।

हम सभी परमपिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा को मोक्ष प्रदान करने एवं समाज एवम परिवारजन को यह असहनीय दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करते हैं।

**शत शत नमन। ऊँ शांति ऊँ शांति**



### समाज के विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए 1 करोड़ की भूमि दान

तिंवरी। बड़भागी वो आप हो, अब लो प्रभु चरण पखार, पहला भाग्यशाली वहीं है जो करे समाज का उद्धार। तिंवरी क्षेत्र माली समाज के लिए आज बहुत बड़ा दिन है बुद्ध पुर्णिमा के पावन अवसर पर श्रीमति झणका देवी धर्मपत्नी स्व. जयरामजी परिहार पीसवाला बेरा तिंवरी द्वारा माली प्रतियोगी शिक्षण संस्थान तिंवरी को नि:शुल्क 1 बीघा जमीन अनुमति लागत 1 करोड़ रुपये समाज के विद्यार्थियों की शिक्षा हेतु भुमि दान दिया है। माली समाज की तरफ से आपका आभार व आपके पूरे परिवार के उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएं। विशेष आभार देवाराम, पोलाराम परिहार सुपुत्र स्व.जयराम परिहार तिंवरी। हम सभी समाज के भूमि दानदाता परिवार को बारंबार आभार अभिनंदन प्रकट करते है। आपके इस बहुमूल्य दान से समाज की कई पीढ़ियां उच्च शिक्षा अर्जन कर परिवार की आजीविका का लिए विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी प्राप्त करेगी।

# माली समाज का जज्बा : आंधी-बूंदाबांदी रूकते ही जुटे आठ किलोमीटर तक रैली



अजमेर। शाम 5 बजे गुलाबबाड़ी के राधेरानी गार्डन में एक जैसे साफे बांधे जा रहे हैं, वाहनों की कतारें लग रही है। ढोल-ढमाकों और डीजे से माहौल जोशीला है मानो पूरे शहर का माली समाज आज यहीं हो। मौका है महात्मा ज्योतिबा फुले की 197वीं जयंती पर निकाली गई वाहन रैली का।

आयोजकों के मुताबिक रैली में एक हजार से ज्यादा वाहन शामिल हुए। रैली के 2 घंटे पहले बिगड़े मौसम को समाज ने सकारात्मक रूप में लिया और हर कोई यह बोलता देखा गया अब तो ठंडक हो गई, ज्योतिबा के साथ ईश्वर का भी आशीर्वाद हमारे साथ है। रैली को धर्मेंद्र गहलोत, समाजसेवी त्रिलोकचंद इंदीरा, घनश्याम और चेतन सैनी ने रवाना किया। रैली संयोजक दिलावर चौहान का दावा है कि 1 हजार साफे बांधे गए हैं, रैली गुलाबबाड़ी से रवाना हुई, रास्ते में कई जगह पर काफिले जुड़ते गए। डीजे पर गूंजते गीत-संगीत से युवाओं का जोश दोगुना है। पार्षद नरेंद्र तुनवाल टीम के साथ आए । मां सावित्री बाई फुले सैनी संस्थान की शारदा मालाकार ने बताया कि गणगौर का त्योहार है, मगर मातृशक्ति जोश के साथ आई। प्रदीप कच्छावा बोले रैली में मतदान को लेकर जागरूक किया गया। दो-चार पहिया वाहनों के बीच बांके बिहारी, श्रीनाथ जी, बाहुबली हनुमान, राम दरबार, खाटू श्यामजी सहित अन्य झांकियां शामिल रहीं। सर्किल पर रैली के पहुंचने पर आतिशबाजी की गई। डीजे पर गाने को लेकर विवाद: केसरगंज में रैली के दौरान दो पक्षों में डीजे पर गाने बजाने को लेकर विवाद हुआ। एक पक्ष का कहना था कि समाज की रैली में राजनीतिक गाने बजाए जा रहे हैं। समाज के लोगों ने समझाइश कर विवाद टाला।

प्रेषण तिथि : 29/30 मार्च,ए 2024
समाचार पत्रिका पंजीयन सं. :RAJHIN/2013/60831
मुद्रण तिथि : 28 मार्च , 2024
Postal Regd No. Jodhpur/496/2024-26
प्रेषण स्थान : RMS जोधपुर

# मैं हूँ ना



## समाज गौरव निर्मल गहलोत ने एक बार फिर दिया 2.5 लाख का आर्थिक सहयोग

जोधपुर। 2 साल पहले 13 वर्षीय राधेश्याम पुत्र घेवारराम परिहार को पुलिस के वाहन ने कुचल दिया जिसके इलाज पर पिता अपना सबकुछ गिरवी रख 15 लाख खर्च कर चुके फिर भी राधेश्याम का पूरा इलाज नहीं हुआ और उसकी स्थिति नाजुक हो गई। जब यह जानकारी निर्मल गहलोत को दी तब वो विदेश में थे और जोधपुर आते ही अल सुबह उनके पिता को बुलवा 2,50,000 दो लाख पचास हजार का चेक दिया। राधेश्याम के पिता घेवरराम जी ने बताया वो ओटो चालक है और उनके 3 बिटिया भी है पुलिस वाहन से एक्सीडेंट पर मदद के लिए बड़े बड़े वादे तो सभी ने किए जिसके चलते उन्होंने कर्ज ले अपने बेटे के जीवन को बचाने का अथक प्रयास किया। अब स्थिति ज्यादा नाजुक और गंभीर हो गई। लेकिन मैंने निर्मल गहलोत की पूरी यथा स्थिति बताने पर हमेशा की भांति निर्मल गहलोत ने इतनी बड़ी रकम अपने पिता ओम प्रकाश गहलोत के हाथो घेवाराम को प्रदान की। ज्ञात रहे हमारे समाज की अनेकों संस्थाएं है लेकिन उनमें ऐसी गंभीर हालत में राहत के लिए कोई प्रावधान नहीं है। निर्मल गहलोत से कब तक हम सहायता के लिए निवेदन करते रहेंगे। उनके पास भी अनेकों सेवा प्रकल्पो की जिम्मेवारी है फिर भी निर्मल गहलोत की सहृदयता है कि वो सेवा कार्यों के लिए निसंकोच हां भर देते है। हम सभी एक बार फिर निर्मल गहलोत का हृदय से आभार और धन्यवाद प्रकट करते है। साथ ही समाज की संस्थाओं से भी अनुरोध करते है कि ऐसी व्यवस्था करें कि समाज के भामाशाहों के माध्यम से एक **सेवा कोष** बनाएं जो विषम परिस्थितियों में समाज के जरूरतमंद के काम आ सके। एक बार पुनरू निर्मल गहलोत और उनके पिता ओमप्रकाश गहलोत का बारंबार आभार अभिनंदन।

## प्रशासनिक सेवा में चयन होने पर हार्दिक बधाई



समाज की बेटी बनी IAS बीकानेर से समाज गौरव युवा खुशहाली सोलंकी (सैनी) ने पूरे भारत में माता पिता के साथ समाज का नाम रोशन किया है।



सतना मध्य प्रदेश में ASI श्री विजय सिंह जी कुशवाहा की बेटी सुश्री काजल कुशवाहा के UPSC परीक्षा में प्रथम प्रयास से IPS चयन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



समाज गौरव उत्तर प्रदेश सहारनपुर के श्री मनोज सैनी को IAS में चयन हो CISF में कमांडेंट बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ।

स्वत्वाधिकारी संपादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस सेक्टर-7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय सोजती गेट के अंदर, जोधपुर (राजस्थान) से प्रकाशित
फोन : 9414475464
ई-मेल - malisainisandesh@gmail.com
पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR